जबलपुर
गुरुवार 16 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष –14
वर्ष : 20, अंक : 345
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 37
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्र सरकार ने तैयार किया मसौदा

# लोकसभा में 543 की जगह होंगे 850 सांसद राज्यों को 815 और यूटी को मिलेंगी 35 सीटें

यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन का प्रावधान करता है। इसके तहत लोकसभा का नया स्वरूप इस प्रकार होगा

1. राज्यों से अधिकतम 815 सदस्य प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से चुने जाएंगे
2. केंद्र शासित प्रदेशों से अधिकतम 35 सदस्य संसद द्वारा तय प्रक्रिया के अनुसार चुने जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या को बढ़ाकर 850 करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। प्रस्ताव के अनुसार नए स्वरूप में राज्यों के लिए 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें निर्धारित की गई हैं।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में सरकार एक अहम कदम उठाने जा रही है। संसद में गुरुवार को एक ऐसा विधेयक पेश किया जाएगा, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


उज्जैन में महिलाओं ने ऐसी मानव शृंखला बनाई

### बिल के समर्थन में महिलाओं ने बनाई मानव शृंखला

**उज्जैन।** महिला आरक्षण बिल के समर्थन में उज्जैन में महिलाओं का उत्साह देखने को मिला। बुधवार को शहर के टॉवर चौक पर महिलाओं, स्कूली बच्चों, शिक्षकों ने एकत्रित होकर केंद्र सरकार के 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में मानव शृंखला बनाई और वाहन रैली निकाली।

### जनसंख्या के आधार पर परिसीमन

सीटों के पुनर्निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि जनसंख्या का अर्थ उस जनगणना के आंकड़ों से होगा, जिनकी आधिकारिक रूप से घोषणा की जा चुकी है।

नीति निर्माण में होगी भूमिका मजबूत

## महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें तय करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

सरकार का उद्देश्य 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को प्रभावी बनाना है। इसके लिए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद 239एए, 330ए, 332ए और 334ए के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई (1/3) सीटों का आरक्षण देने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को भी शामिल किया गया है। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना और नीति निर्माण में उनकी भूमिका को और मजबूत करना है।

### नए चुनावों पर असर

प्रस्ताव के मुताबिक परिसीमन आयोग की अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद होने वाले आम चुनाव और उपचुनावों में यह नई व्यवस्था लागू होगी। यह पूरी प्रक्रिया देश की बढ़ती जनसंख्या और समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। इससे संसदीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की कोशिश की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गूगल ने भारत में लॉन्च की नई सर्विस



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अब यह यूजर्स को बेहतर तरीके से समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में गूगल ने भारत में अपने एआई असिस्टेंट जेमिनी के लिए पर्सनल इंटेलिजेंस फीचर पेश किया है। यह फीचर यूजर्स को अपने अलग-अलग एप्स और अकाउंट्स जैसे जीमेल और गूगल फोटोज को कनेक्ट करने की सुविधा देता है। , जिससे एआई ज्यादा संदर्भ के साथ जवाब दे सके। गूगल के मुताबिक, यह फीचर दो मुख्य क्षमताओं पर आधारित है।

**बड़ा सवाल :** क्या दो हफ्ते और बढ़ सकता है अमेरिका-ईरान युद्ध का सीजफायर?

ईरान भी कम नहीं, कहा हम अमेरिकी सेना के इंतजार में

# ईरान युद्ध नहीं वार्ता का पक्षधर ट्रंप दबाव बढ़ाने भेज रहे सेनाएं


डोनाल्ड ट्रंप मोजतबा खामेनेई

*ट्रंप ने होर्मुज ऑपरेशन के लिए 10 हजार से ज्यादा नाविक, मरीन्स और अमेरिकी एयरफोर्स के जवानों को लगाया*

*उधर, इजराइल ने बिल्कुल साफ कर दिया है कि हम हिज्बुल्लाह पर हमले नहीं रोकेंगे हम इसे सीजफायर में शामिल नहीं करेंगे*

**ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान में संशय की स्थिति बनी हुई है। जंग बढ़ेगी,रुकेगी या फिर शांति समझौता होगा? कोई नहीं जानता। बुधवार को सुबह तक खबर चली की दोनों देशों के बीच दो हफ्ते के लिए सीजफायर बढ़ने की संभावना है। शाम होते-होते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी भरे अंदाज में कह दिया कि हजारों सैनिक और लडाकू विमान भेजेंगे। उधर, ईरान ने कहा कि हम युद्ध नहीं, वार्ता के पक्षधर हैं पर अमेरिका ने सेनाएं भेजकर दबाव बढ़ाया तो हम ओमान की खाड़ी से लेकर लाल सागर तक व्यापार ठप कर देंगे।

### होर्मुज की नाकाबंदी 'घोषित ीजफायर' का उल्लंघन

फारस की खाड़ी में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की अमेरिकी नाकाबंदी से ईरान बौखला गया है। अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों को रोकने का दावा किया है। इससे नाराज ईरान ने अब बड़ी धमकी दी है। ईरानी सेना ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी जारी रही तो वह लाल सागर, फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी से होने वाले वैश्विक व्यापार को पूरी तरह रोक देगा।

### इजराइल और लेबनान के बीच हुई बातचीत हुई फेल

अमेरिका में इजराइल के राजदूत येहिएल लाइटर ने दक्षिण लेबनान में युद्ध विराम को लेकर कोई प्रतिबद्धता जताने से इनकार किया। हालांकि, वॉशिंगटन डीसी में लेबनान के राजदूत नाडा हमादेह के साथ अपनी बैठक को उन्होंने शानदार दो घंटे की बातचीत बताया। येहिएल लाइटर ने कहा, जहां तक युद्ध विराम का सवाल है... ।

सबरीमाला प्रबंधन ने सुप्रीम कोर्ट में रखे तर्क

## कोर्ट समुदाय के विश्वास स्वीकार करे और उसकी वैधता पर सवाल न उठाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। मंदिर प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के वकील एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को अपने तर्क रखे। सिंघवी ने कहा कि धर्म किसी एक सटीक परिभाषा में नहीं बंध सकता, बल्कि यह किसी समुदाय के साझा विश्वासों और प्रथाओं का समूह होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अदालत को किसी समुदाय के विश्वास को स्वीकार करना चाहिए ।

**सीजेआई ने पूछा सवाल**

### क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव ?

मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि क्या एक ही पंथ के भीतर भी भेदभाव संभव है? इस पर सिंघवी ने कहा कि धार्मिक आचरण और उसके प्रचार में फर्क है और जब तक एक समुदाय का आचरण दूसरे के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करता।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026


संसद का विशेष सत्र आज से

## पेश होंगे महिला आरक्षण समेत 3 अहम बिल, देश भर की नजर

33 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था 15 साल तक लागू रहेगी



संसद भवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। 16-17 अप्रैल को लोकसभा और 18 अप्रैल को राज्यसभा में इस पर चर्चा होगी। महिला आरक्षण का भविष्य और सियासत का नया गणित करीब 25-28 घंटे की बहस में तय होगा। जिसमें सरकार साल 2029 से पहले लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार 3 बड़े बिल पेश करने वाली है। पहला बिल परिसीमन कानून 2026 से जुड़ा है, दूसरा 131वां संविधान संशोधन बिल है और तीसरा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण लागू करने से संबंधित संशोधन बिल है। 131वें संविधान संशोधन के तहत केंद्र सरकार लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव ला रही है। इन कुल सीटों में से 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। यह आरक्षण एक रोटेशन सिस्टम के तहत लागू होगा।

राजधानी के रवींद्र भवन में 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

# मुख्यमंत्री ने कहा- 'महिलाएं संभालेंगी नेतृत्व तो प्रदेश-देश का बढ़ेगा विकास

डॉ. यादव ने कहा कि 16 अप्रैल की तारीख महिला सशक्तिकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगी जब देश होली और दिवाली एक साथ मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब शासन की बागडोर बहनों के हाथ में आती है, तो हर काम तेजी और बेहतर परिणाम के साथ पूरा होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए है। तीन तलाक से मुक्ति और महिला आरक्षण जैसे कदम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।16 अप्रैल 2026 की तारीख महिला सशक्तिकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगी, जब देश होली और दिवाली एक साथ मनाएगा। यह उद्गार रवींद्र भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मनोनयन को देश के सर्वोच्च पद पर मातृशक्ति के गौरव का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा खुशी रायवाडे और चांदनी विश्वकर्मा को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सम्मेलन में एमपी बोर्ड की टॉपर बालिकाओं को सम्मानित करते सीएम

### राजमाता सिंधिया ने लड़ी जनता की लड़ाई

*मुख्यमंत्री ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया के योगदान का स्मरण करते हुए उनकी तुलना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार झांसी की रानी ने तलवार उठाकर अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी थी, ठीक उसी प्रकार राजमाता सिंधिया ने कांग्रेस शासन के दौरान हुए अन्याय और बस्तर के राजा के साथ हुए अपराध के विरोध में राजसी सुखों का त्याग कर जनबल के माध्यम से सत्ता को हिला दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमाता ने कभी पद का मोह नहीं किया और केवल जनता की लड़ाई लड़ती रही।*









## खबर संक्षेप

### पवन खेड़ा को झटका सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर लगाई रोक

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत देने वाले तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है। कोर्ट ने कहा,



तेलंगाना हाई कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र को लेकर पुराने फैसले का ध्यान नहीं रखा। खेड़ा असम की कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगें। मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी। एसजी तुषार मेहता ने कहा, इस मामले में तेलंगाना हाई कोर्ट का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता था। अपराध और एफआईआर दोनों असम में हुए। आरोपी कह रहा है कि वह हैदराबाद आता रहता है क्योंकि यहां उसकी पत्नी का घर है, जबकि उनकी पत्नी दिल्ली में ही रहती हैं।

माशिमं नतीजे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषित किए परिणाम, विद्यार्थियों को दी बधाई

# 10वीं का 73.42%... और 12वीं का 76.01% परिणाम, सरकारी स्कूल आगे



प्रतिभा सिंह



खुशी राय



चांदनी विश्वकर्मा

**सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर**

*10वीं कक्षा में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। वहीं 12वीं में सरकारी स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे सरकारी और निजी स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इसके साथ ही विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा-2026 के परिणाम भी जारी किए गए। वर्ष 2026 में 10वीं का परिणाम 73.42 प्रतिशत और 12वीं का परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा। इस बार सरकारी स्कूलों ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। 10वीं कक्षा में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। वहीं 12वीं में सरकारी स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे सरकारी और निजी स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बच्चों का साल बचाने के लिए बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा अगले माह 7 मई से शुरू होने जा रही है। इसमें दोनो कक्षाओं के उन बच्चों को अवसर मिलेगा, जो किसी कारण से असफल हो गए। इस वर्ष पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा नहीं की गई है, क्योंकि हम बच्चों को दूसरा अवसर देने जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने कहा- जो उत्तीर्ण नहीं, वे निराश न हों, यह सिर्फ़ एक स्कूल की परीक्षा है, जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं**




मुख्यमंत्री एमपी बोर्ड का रिजल्ट जारी करते हुए

**द्वितीय अवसर परीक्षा अगले माह 7 मई से शुरू होगी**

**10वीं में पन्ना जिले के गुनौर की प्रतिभा सिंह सोलंकी टॉपर**

**12वीं में भोपाल की खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा टॉप पर**

### 12वीं में राजधानी का दबदबा

**10 वीं प्रतिभा को 500 में से 499 अंक**

12वीं में भोपाल के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय की वाणिज्य संकाय की छात्रा खुशी राय एवं अशा. गुरूदेव शिक्षा केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीलबड की चांदनी विश्वकर्मा ने कुल 500 अंकों में से 494 अंक हासिल कर संयुक्त रुप से टॉप किया है। कक्षा 12वीं में राजधानी भोपाल का दबदबा रहा है। 10वीं में पन्ना जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल, गुनौर की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

### सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से आगे निकल रहे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शास. विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है, जिससे हमारे शासकीय स्कूल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के परिणामों से आगे निकल रहे हैं। उन्होने कहा कि बोर्ड परीक्षा हम सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फरवरी से मार्च के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा ▶▶ शेष पेज 2 पर

सीबीएसई के 10वीं बोर्ड के नतीजे घोषित

## सीबीएसई 10वीं में 93.70% बच्चे पास, बेटियां ही 'आगे'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 93.70% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। परिणामों के अनुसार 92.69% लड़कों ने परीक्षा पास की, जबकि 94.99% लड़कियां सफल रहीं, जिससे एक बार फिर छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उनके लिए सीबीएसई ने सेशन-2 परीक्षा का विकल्प दिया है। यह परीक्षा 15 मई से 1 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। इस

92.69 फीसदी छात्र तो 94.99 प्रतिशत छात्राएं सफल



दौरान छात्र अधिकतम 3 विषयों में अपने अंक सुधार सकते हैं। बोर्ड के अनुसार 22 लाख से अधिक छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक हासिल किए, जबकि 55,000 से अधिक विद्यार्थियों ने 95% से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं, लगभग 14.7 लाख उम्मीदवारों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें आगे सुधार का अवसर दिया जाएगा।

### केंद्रीय विद्यालयों का शानदार प्रदर्शन

स्कूलों के प्रदर्शन में इस बार भी केंद्रीय विद्यालयों (केवी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.57% पास प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय 99.42% और सेंट्रल तिब्बतन स्कूल 97.42% के साथ बेहतर परिणामों में शामिल रहे। निजी स्कूलों का 93.77% और सरकारी स्कूलों का 91.43% रहा, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों ने 91.01% परिणाम दर्ज किए।

### रीजन वाइज प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम टॉप पर

इस वर्ष सीबीएसई 10वीं के परिणाम में रीजन वाइज प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम रीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79% पास प्रतिशत के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया है। त्रिवेंद्रम के साथ-साथ विजयवाड़ा ने भी 99.79% पास प्रतिशत हासिल किया, जबकि चेन्नई 99.58% के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद बेंगलुरु ने 98.91% और दिल्ली वेस्ट ने 97.45% प्रतिशत के साथ टॉप 5 रीजन में अपनी जगह बनाई।



राजधानी स्थित बागसेवनियां रोड, दोपहर 1 बजे

प्रदेश में तेज गर्मी : भोपाल में दिन का पारा 39.5

## नौगांव, खजुराहो, रतलाम 42 डिग्री पार... छिंदवाड़ा में दूसरे दिन भी लू

**आज छिंदवाड़ा मंडला और पांढुर्णा में लू का अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब गर्मी तेजी पकड़ रही है। बुधवार को तीन जिलों में दिन का पारा 42 डिग्री पार रहा, जबकि छिंदवाड़ा में लगातार दूसरे दिन लू का असर रहा है। यहां दिन का पारा 40.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है। इसमें मंगलवार के मुकावले दशमलव एक डिग्री की बढ़त रही है। छिंदवाड़ा में मंगलवार को भी हीटवेव का असर रहा है। नौगांव में 42.4, खुजराहो में 42.2 और रतलाम में 42 डिग्री दर्ज हुआ। इन जिलों में तेज गर्मी रही। नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में दिन के तापमान में दशमलव एक डिग्री की गिरावट के साथ 39.5 डिग्री रहा, जबकि रात में 1.8 डिग्री की कमी के साथ 20.8 डिग्री दर्ज हुआ है। अधिकांश जिलों में पारा 39 से 40 डिग्री के बीच दर्ज होने से तेज गर्मी महसूस की गई। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को छिंदवाड़ा, मंडला और पांढुर्णा में लू का अलर्ट जारी किया है।

### 24 जिले 40 से 42 डिग्री तक रहे

बुधवार को प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान में करीब आधा डिग्री की बढ़त रही। सबसे अधिक वृद्धि नौगांव में 3.8 डिग्री के साथ प्रदेश में सर्वाधिक दिन का पारा 42.4 डिग्री रहा है। प्रदेश में 24 जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री तक दर्ज हुआ है। विशेषकर पूर्वी मप्र में गर्मी का असर अधिक रहा। यहां 13 जिलों में पारा 40 से 42 डिग्री और इससे अधिक रहा है।

42-42 लाख मुआवजा और नौकरी

## वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक हुईं 19 मौतें

एजेंसी ▶▶ सक्ती

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 19 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 13 की मौत रायगढ़ के अलग-अलग अस्पतालों में हुई। 2 की मौत रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 15 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हैं।



■ मृतकों में 15 यूपी, बिहार के

मंदिर समिति ने ऑफलाइन परमिशन बंद की

## महाकाल मंदिर की भस्मारती की भी तत्काल बुकिंग होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर की भस्मारती की परमिशन को लेकर मंदिर समिति ने बड़ा बदलाव किया है। एक दिन पहले मिलने वाली निःशुल्क ऑफलाइन परमिशन को बंद कर अब उसे भी ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही तीन माह पहले होने वाली भस्मारती की बुकिंग का समय बदलकर उसे एक माह कर दिया है। महाकालेश्वर मंदिर समिति ने भस्मारती परमिशन के नियमों को लेकर दो बड़े बदलाव किए हैं।



■ एक दिन पहले खुलेगी विंडो

इंदौर पुलिस का ऐसा एक्शन पहली बार

## वंदे मातरम को नहीं गाने वाली कांग्रेस पार्षदों पर एफआईआर

**दोनों से साढ़े चार घंटे पूछताछ भी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



फौजिया शेख



रुबीना इकबाल

इंदौर में 'वंदे मातरम' विवाद पर पहली बार एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम के बजट सत्र में राष्ट्रगीत गाने से इनकार करने के मामले में एमजी रोड पुलिस ने कांग्रेस की दो महिला पार्षद-रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम-के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भाजपा पार्षदों की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर की है। दोनों पार्षदों को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जहां उनसे करीब साढ़े चार घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। एसीपी विनोद दीक्षित के मुताबिक भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) (समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाने और सद्भाव बिगाड़ने) के तहत मामला दर्ज किया है।

## भारत के सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर

सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हों

# समाज में व्याप्त उन मानसिक बाधाओं को भी तोड़ना होगा जो महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से 'पीछे' रखती हैं

▶▶ डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, आईसेक्ट समूह, भोपाल



महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव केवल एक राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। वर्षों से हम यह देखते आए हैं कि देश की आधी आबादी होने के बावजूद महिलाओं की भागीदारी नीति-निर्माण के स्तर पर बेहद सीमित रही है। ऐसे में यह विधेयक प्रतिनिधित्व की उस खाई को पाटने की दिशा में एक मजबूत पहल है। एक अभिभावक, शिक्षाविद और समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक के रूप में मेरा मानना है कि जब निर्णय लेने वाली टेबल पर महिलाएं बैठेंगी, तब नीतियों में स्वाभाविक रूप से संवेदनशीलता, संतुलन और समावेशिता बढ़ेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बाल सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को अधिक गंभीरता और गहराई से समझा जाएगा।




हालांकि, केवल आरक्षण देना ही पर्याप्त नहीं है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं इस भूमिका के लिए तैयार हों। उन्हें शिक्षा, नेतृत्व कौशल और अवसरों तक समान पहुंच मिले। साथ ही, समाज में व्याप्त उन मानसिक बाधाओं को भी तोड़ना होगा जो महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से पीछे रखती हैं।


### दरअसल, पूरे समाज का यह सशक्तिकरण

यह बिल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त संदेश है कि बेटियां केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि देश के भविष्य को दिशा देने में भी समान भागीदार हैं। यदि हम सच में 'नए भारत' की कल्पना करते हैं, तो यह कदम उस दिशा में एक मजबूत नींव साबित हो सकता है। अंततः, यह केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सशक्तिकरण है।




## बंगाल में टीएमसी पर भड़के गृहमंत्री शाह, ममता को सुनाई खरी-खरी

# बाढ़ राहत के नाम पर किया करोड़ों का घोटाला, सत्ता में आने पर भाजपा करेगी वसूली, अब नहीं चलने वाला कटमनी का खेल और 'गुंडाराज'



एजेंसी ▶▶ मालदा

*शाह ने 100 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया*

*सारे घोटालों का पैसा भाजपा सरकार लेगी वापस*

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर की सियासत में गरमाहट तेज है। राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी सातवें आसमान पर पहुंचती नजर आ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में चुनावी रैली के दौरान वीडियो संबोधन के माध्यम से टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा और बाढ़ राहत के नाम पर 100 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से उत्तर बंगाल में बाढ़ राहत के लिए दिए गए 100 करोड़ की रकम में घोटाला हुआ है और सत्ता में आने पर भाजपा यह पैसा वापस लेगी। शाह ने गोरखा मुद्दे पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल में सत्ता में आती है, तो दार्जिलिंग के गोरखा मुद्दे को प्राथमिकता से हल किया जाएगा। गोरखा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी पुराने केस वापस ले लिए जाएंगे।

### पीएम मोदी ने कन्याकुमारी में किया रोड शो,उमड़ा सैलाब



रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

नागरकोइल। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कन्याकुमारी में रोड शो किया। वे विशेष विमान से तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे और फिर हेलीकॉप्टर से नागरकोइल पहगुंचे। वेपामूडु जंक्शन से वडासेरी में एमजीआर प्रतिमा तक का एक किलोमीटर के खंड में भारी भीड़ उमड़ी।

### मौसम खराब होने के कारण वीडियो के जरिए दिया संबोधन

खराब मौसम के कारण शाह दार्जिलिंग के लेबोंग नहीं पहुंच सके, इसलिए उन्होंने मालदा से वीडियो संदेश के जरिए लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को कर्सियांग में होने वाली रैली में वे खुद मौजूद रहेंगे।

### बंगाल में किसी को बाबरी मस्जिद नहीं बनाने देंगे

शाह ने कहा कि विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आने पर भाजपा पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद जैसी संरचना के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। जलपाईगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस मुद्दे को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा राजनीतिक रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।

### पूरे बंगाल में माताएं-बहनें असुरक्षित

शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में वर्षों तक टीएमसी के घुसपैठिए बलात्कार करते रहे, ममता कुछ नहीं बोलीं। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज, आरजी कर, कलकत्ता लॉ कॉलेज, माताओं-बहनों के साथ कई प्रकार की अत्याचार की घटनाएं हुईं, लेकिन ममता के पेट का पानी तक नहीं हिला। महिला होकर ममता दीदी कहती हैं कि 7 बजे के बाद माताएं-बहनें घर से बाहर न निकलें।

### दार्जिलिंग मुद्दे पर 3 बैठक प्रस्ताव ठुकराने का आरोप

शाह ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बेनर्जी सरकार ने दार्जिलिंग हिल्स के मुद्दों और गोरखाओं की मांगों पर चर्चा के लिए उनके तीन प्रस्ताव ठुकरा दिए।अमित शाह ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में उन्होंने दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और कुर्सेओंग की पहाड़ियों में रहने वाले लोगों के मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन बार बैठक का प्रस्ताव रखा, लेकिन ममता बेनर्जी सरकार ने हर बार इसे खारिज कर दिया।

### कानून-व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल में घुसपैठ, गुंडाराज और माफिया राज खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने गोरखा समुदाय के लोगों पर झूठे केस दर्ज किए हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। दार्जिलिंग में लंबे समय से अलग गोरखालैंड राज्य की मांग चल रही है, जिसको लेकर पहले भी हिंसक आंदोलन हो चुके हैं। शाह ने भरोसा दिलाया कि भाजपा इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालेगी।

### बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए असम से आई 50 नेताओं की फौज

कोलकाता। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के बाद अब भाजपा की नजरें बंगाल चुनाव पर हैं। पश्चिम बंगाल में होने वाले दो चरणों के चुनाव के लिए असम भाजपा मंत्रियों सहित 50 नेताओं को वहां भेज रही है। कृषि उत्सव 'रोंगाली बिहू' के तुरंत बाद सांसदों और विधायकों का मिश्रण अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में जिम्मेदारियां संभालेगा।

### मछली को पहनाई ज्वेलरी दोनों हाथों में टांग ली मछली

कोलकाता। बंगाली नववर्ष पर हाथ में मछली लेकर भाजपा उम्मीदवार का अनोखा चुनाव प्रचार देखकर हर



कोई आश्चर्यचकित था। इस प्रचार की वजह ये थी कि विपक्ष का कहना है कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आई, तो बंगालियों का मछली खाना बंद कर देंगे! भाजपा का ये जवाबी चुनावी प्रचार है जो दिखा रहा है कि बंगालियों को मछली खाने से कोई नहीं रोक सकता।

### राहुल का बड़ा आरोप

### भ्रष्टाचार में मोदी से पीछे नहीं ममता, राज्य में 'सिंडिकेट राज'

कोलकाता। बंगाल चुनाव के बीच कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने टीएमसी और केंद्र की भाजपा सरकार पर एक साथ हमला बोला। टीएमसी भ्रष्टाचार और कुशासन के मामले में भाजपा से होड़ कर रही है। बंगाल में भाजपा के विस्तार के लिए जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने टीएमसी सरकार के घोटालों की लिस्ट गिनाई। उन्होंने कहा कि सारधा चिटफंड घोटाले के 1,900 करोड़ रुपए आज भी 17 लाख निवेशकों को नहीं मिले हैं। रोज वैली घोटाले में 6,600 करोड़ रुपए और 31 लाख निवेशक फंसे हुए हैं।

### सोरेन के प्रचार को लेकर जेएमएम और कांग्रेस आमने-सामने



झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन टीएमसी के समर्थन में बंगाल में चुनाव प्रचार करने जाएंगे। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार है, ऐसे में बंगाल चुनाव में झामुमो का टीएमसी के पक्ष में प्रचार करना सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। इसे लेकर सहयोगी दलों के बीच भी अलग-अलग राय सामने आ रही है, सवाल उठने लगे हैं।

## सीएम ममता ने केंद्र पर लगाए आरोप

### केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की



दिनाजपुर। सीएम ममता बेनर्जी ने दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्रीय बलों में हिम्मत है, तो वे हर दिन उनकी कार की जांच कर सकते हैं। उसके नेताओं के वाहन को सुरक्षा कर्मियों द्वारा 'सघन तलाशी' के लिए चुना गया है।


### घर-घर पहुंच रहे बैलेट पेपर आसनसोल में अब तक पड़े 15 वोट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए बैलेट वोटिंग दूसरे दिन भी जारी है। आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 77 अंतर्गत बूथ संख्या 80 में 85 वर्षीय दिव्यांग मतदाता का मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न कराया गया। बुधवार को 15 और मतदाताओं का मतदान कराया गया। इस पहल के तहत पूरे जिले में कुल 5246 ऐसे मतदाता चिन्हित किए गए हैं। आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में इनकी संख्या 554 है। भारत का चुनाव आयोग लोगों को घर बैठे मतदान की सुविधा दी है।

## खबर संक्षेप

### स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप गिरफ्तार

अमरावती। स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुदीप कटिकाला को आंध्र प्रदेश



के उपमुख्यमंत्री व अभिनेता पवन कल्याण पर जोक मारना महंगा पड़ गया। अनुदीप को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी प्रयागराज से हुई है। वे यहां अपने परिवार से मिलने आए थे। कॉमेडियन पर काकीनाडा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।

### लता-आशा की याद में बनेगा 'अहम' अस्पताल

पुणे। नंदोशी में बन रहे लता मंगेशकर मेडिकल फाउंडेशन



केअस्पताल का नाम अब 'लता-आशा मंगेशकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़' रखा जाएगा। ट्रस्टी बोर्ड ने लता-आशा के भाई हृदयनाथ मंगेशकर और डॉ. धनंजय केलकर के साथ यह अहम निर्णय लिया। इसका उद्देश्य एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में एक बनाना है।

### 16 मई से पहले पेश हों रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने हरियाणा के शिकोहपुर



में जमीन सौदे से जुड़े मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट का संज्ञान लिया है। दिल्ली की अदालत ने हरियाणा ज़मीन सौदे मामले में रॉबर्ट वाड्रा और अन्य आरोपियों को 16 मई को श होने का निर्देश जारी किया है।

### चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी सुरक्षा

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा



को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## परिसीमन पर कई विपक्षी दलों ने विरोध के स्वर किए तेज

# यह एक घोर ऐतिहासिक अन्याय, भाजपा आग से खेल रही, राज्य में काले झंडे दिखाए जाएंगे

*संसद के विशेष सत्र से पहले छिड़ा घमासान, विपक्ष कर रहा पुरजोर विरोध*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार संसद में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण करेगी

कांग्रेस महिला आरक्षण के पक्ष में पर परिसीमन विरोधी

गुरुवार से शुरू हो रहे संसद के 3 दिन के विशेष सत्र में एक ओर जहां सरकार लोकसभा में 33फीसदी महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है तो वहीं कई विपक्षी दल इसके विरोध में आवाज उठा रहे हैं। सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले बुधवार इंडिया गठबंधन की इसी मुद्दे पर बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। विपक्षी दलों ने बुधवार को कहा कि वे महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन परिसीमन विधेयक का एकजुट होकर विरोध करेंगे। संविधान संशोधन विधेयक के तहत लोकसभा की सीट बढ़ाकर अधिकतम 850 करने पर दक्षिणी राज्यों को भी लाभ होगा, क्योंकि निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी। कुछ लोगों ने यह कहकर दक्षिणी राज्यों को गुमराह करने की कोशिश की थी कि सफल परिवार नियोजन के कारण उन्हें नुकसान होगा। कोई भी राज्य नुकसान में नहीं रहेगा।

### हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा : स्टालिन



बुधवार को डीएमके प्रमुख स्टालिन ने अपनी पार्टी के सांसदों से संसद में परिसीमन को लेकर लाए जा रहे बिल का जबरदस्त तरीके से विरोध करने के लिए कहा। स्टालिन ने सांसदों के साथ मीटिंग में आरोप लगाया कि गुरुवार को संसद में होने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ 'घोर ऐतिहासिक अन्याय' है। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आग से खेल रही है और विंध्य के दक्षिण क्षेत्र का हर दक्षिण भारतीय गुस्से से उबल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे तमिलनाडु में घरों और सार्वजनिक स्थानों से काले झंडे लगाए जाएंगे। हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है, केंद्र ने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### ब्रायन ने आरोप लगाया

### परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश हो रही

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं के आरक्षण की आड़ में परिसीमन लागू करने की कुटिल साजिश को अंजाम दे रही है। टीएमसी सांसद की यह टिप्पणी संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से एक दिन पहले आई है, जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर विचार किया जाएगा।

### खरगे बोले


### नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक



के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है।

### संसदीय मंत्री रिजिजू का पलटवार- दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश हो रही



*संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार कहा कि कुछ लोग परिसीमन के गलत आंकड़े देकर दक्षिण भारतीय राज्यों को महिला आरक्षण के मुद्दे पर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने में राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति के लिए एकजुट हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे पर दक्षिण भारतीय राज्यों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।*

## श्रीगुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन

# मेरा मन भावों से भर गया 'यह पल हमेशा याद रहेगा'



एजेंसी ▶▶ मांड्या

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक के मांड्या जिला स्थित श्री क्षेत्र आदिचुंचनगिरि में श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने काल भैरव मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इउन्होंने ऐतिहासिक ज्वालापीठ में भी कुछ समय बिताया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भक्तगण मौजूद रहे।

### सभी को शुभकामनाएं दी


प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेरा मन ऐसे भावों से भरा है, जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। इस पवित्र स्थल पर बिताया गया हर पल, संतों का सानिध्य और जनसमूह का आशीर्वाद उनके लिए जीवनभर यादगार रहेगा। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताया कि उन्हें इस पावन अवसर पर यहां आने का मौका मिला और सभी को शुभकामनाएं दीं।

## आप सांसद मित्तल के घर पर रेड

# 8-9 परिसरों में तलाशी, लवली यूनिवर्सिटी पर भी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

आपके राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल और उनके बेटे के घर बुधवार को ईडी की टीम ने रेड



डाली है। मित्तल की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी है। 8-9 परिसरों पर रेड पड़ी है। इसमें सांसद और उनके बेटे के ठिकानों पर भी छापा मारा गया। गुरुग्राम के साथ पंजाब के जालंधर शहर में रेड पड़ी है। मित्तल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी चलाते हैं, इसमें फंड से रिलेटेड कुछ गड़बड़ी पाई गई है। घर और फार्महाउस में चल रही है।

### राघव ने डलवाया छापा

मित्तल के जालंधर स्थित घर और उनकी निजी यूनिवर्सिटी पर ईडी ने छापा मारा। आप ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि राघव चड्ढा ने भाजपा की मदद से मित्तल के घर पर ईडी की रेड कराई है। इस पर चड्ढा या भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## गुरुग्राम में बवाल की साजिश

# 17 वाट्सएप और वॉइस मैसेज भेजे गए व लोगों को भड़काया

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

आईएमटी मानेसर में हिंसक बवाल में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में सुनियोजित तरीके से दंगा भड़काने की बात कबूली है। एक कंपनी के मैनेजर को मारने की साजिश थी, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में दंगा भड़क सके।

आरोपियों के मोबाइल में वॉट्सएप ग्रुप में संदिग्ध चैट भी मिली है। इस मामले में 17 ग्रुप मिलने की बात सामने आ रही है। एक आरोपी ने ग्रुप में लिखा है कि मैनेजर रामबीर को मारना है। दूसरे आरोपी ने लिखा कि आगे पुलिस वाले हैं, पीछे से आग लगा दो। बीयर लेकर आना व रात में पेट्रोल बम डालकर कंपनी में आग लगा देना।



### भारती और कंचना पर एफआईआर

नोएडा साइबर थाना पुलिस ने सार्वजनिक शांति भंग करने के मामले में रजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कांचाना यादव सहित कई के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है। एक्स पर तनाव भड़काने की

## अमरावती में चौंकाने वाला और जघन्य मामला सामने आया

# मास्टरमाइंड समेत 2 गिरफ्तार, एसआईटी साजिश के खुलासे में जुटी

एजेंसी ▶▶ अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती जिले से एक बेहद चौंकाने वाला और जघन्य मामला सामने आया है। पुलिस ने अमरावती जिले के परतवाड़ा में बीते महीने एक युवक अयान अहमद को गिरफ्तार किया था। अयान अहमद पर 180 लड़कियों के यौन उत्पीड़न के साथ 350 आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया वायरल करने का आरोप है। पुलिस ने अब इस मामले में उजेर खान इकबाल खान नामक के शख्स को हिरासत में लिया है।

180 लड़कियों का यौन उत्पीड़न, 350 वीडियो वायरल

### हरियाणा के नोटिफिकेशन ने 'आग में घी डाला'



आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

पुलिस अमरावती यौन उत्पीड़न और अश्लील वीडियो कांड की गंभीरता से जांच में जुटी है। पुलिस इस संभावना पर भी जांच कर रही है कि यह मामला इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय तो नहीं था। जांच में पता चला है कि उसने मुख्य आरोपी अयान अहमद के मोबाइल फोन से वीडियो डाउनलोड कर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया था।

### भाजपा ने कट्टरपंथ और संगठित अपराध बताया, एसआईटी गठित

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा कि यह कट्टरपंथ और संगठित अपराध का मिला-जुला रूप है। सोमैया के अनुसार, अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया है। भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है।भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है।

### अब तक 8 मुस्लिम महिलाओं से जुड़े मामले भी सामने आए

महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने बताया कि उन्हें अचलपुर से इस संबंध में गोपनीय शिकायतें मिली थीं। पुलिस जांच में अब तक 8 मुस्लिम महिलाओं से जुड़े मामले भी सामने आए हैं, जिनमें से कुछ के वीडियो और फोटो बरामद किए गए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि यह एक बेहद संवेदनशील इलाका है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। पुलिस और आयोग ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपी के मोबाइल डेटा और उसके संपर्कों को खंगाल रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि इस घिनौने खेल में उसके साथ और कौन-कौन शामिल था।

ईरानी डेलिगेशन में शामिल तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मरांडी बोले

# दी जा रही थी धमकी, वार्ता के बाद ईरानी नेताओं को मारने की रची गई थी साजिश

# ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को पत्र लिखकर कहा- न दें ईरान को हथियार



सैयद मोहम्मद मरांडी

**प्रतिनिधिमंडल में ईरान के विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर शामिल थे**

ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने विमान बदला था बस और ट्रेन से पहुंचे थे तेहरान

ईरान का अमेरिका पर भरोसा नहीं, वो धोखेबाज, हम सैन्य तैयारियों में जुटे



इस्लामाबाद में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ शांति वार्ता के बेनतीजा रहने के बाद तेहरान लौट रहे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को गंभीर सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ा था। तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और राजनीतिक विश्लेषक सैयद मोहम्मद मरांडी ने बताया कि बहुत सावधानी बरतते हुए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बाकेर गालिबाफ सहित प्रतिनिधिमंडल ने बीच रास्ते में ही अपना जहाज बदल दिया था। मोहम्मद मरांडी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जहाज बदलने के साथ ही बस और ट्रेन से तेहरान पहुंचने का वैकल्पिक रास्ता अपनाया था। ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मरांडी भी इस्लामाबाद गए थे। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद जाते समय हमें सीधे तौर पर धमकी मिली थी कि हमारे विमान पर हमला हो सकता है। प्रोफेसर मरांडी ने खुलासा किया कि इसी वजह से तेहरान लौटते समय प्रतिनिधिमंडल ने खुफिया तरीके से अपना विमान बदल लिया था। मरांडी ने कहा कि हम अमेरिका पर भरोसा नहीं करते हैं और हम युद्ध के अगले दौर की तैयारी में भी बहुत व्यस्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान हमेशा से जानता था कि अमेरिका धोखेबाज है। उन्होंने कहा कि ईरानी शासन जब कूटनीति की मेज पर बातचीत करने के साथ ही अपनी सैन्य क्षमताओं को भी मजबूत कर रहा है।


## होमुर्ज खोलने से खुश है चीनः ट्रंप



वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया था कि बीजिंग ईरान को हथियारों की आपूर्ति ना करें। ट्रंप ने बताया कि इसके जवाब में राष्ट्रपति शी ने भी खत लिखकर कहा कि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। बता दें, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि चीन ईरान को आधुनिक हथियार भेजने की तैयारी कर रहा था। ट्रंप ने यह भी कहा है कि उन्हें लगता है कि तेल की कीमतें फिर से उसी स्तर पर आ जाएंगी जिस पर वो पहले थीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि चीन बहुत खुश है कि मैं स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को हमेशा के लिए खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी।

**अमेरिका के खिलाफ जंग में चीन ने की थी मदद**

## दावाः ईरान ने सैटेलाइट की मदद से दुश्मन के ठिकानों पर बरसाए थे बम



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने गुप्त रूप से चीन से एक जासूसी सैटेलाइट हासिल किया, जिसके जरिए उसने पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी की और हमलों के लिए रणनीतिक जानकारी जुटाई। रिपोर्ट के मुताबिक, टीईई-01बी नाम का यह सैटेलाइट चीनी कंपनी अर्थ आईको द्वारा तैयार किया गया और चीन से ही लॉन्च किया गया था। इसे 2024 के अंत में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपने नियंत्रण में लिया। ईरान ने इस सैटेलाइट को सीधे निर्देश देकर पश्चिम एशिया में मौजूद प्रमुख अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी करवाई। दस्तावेजों में समय-चिह्नित कोऑर्डिनेट्स, सैटेलाइट इमेजरी और ऑर्बिटल एनालिसिस शामिल हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि निगरानी बेहद व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से की गई। बताया गया है कि सैटेलाइट से ली गई तस्वीरें मार्च महीने में उन ठिकानों की हैं, जहां ड्रोन और मिसाइल हमले हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों से पहले और बाद की तस्वीरों का विश्लेषण भी किया गया, जिससे यह समझा जा सके कि हमले कितने प्रभावी रहे।

## ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की तैयारी में रूस

रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मॉस्को इस संवेदनशील मामले में कई तरीकों से सहयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलने की प्रक्रिया में मदद कर सकता है। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर यूरेनियम की एक निश्चित मात्रा को रूस में सुरक्षित रखने का विकल्प भी मौजूद है। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे अन्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है, वैसे ही ईरान को भी यह अधिकार प्राप्त है। बता दें, रूस, ईरान और छह विश्व शक्तियों के बीच हुआ ईरान परमाणु समझौता 2015 इस पूरे मुद्दे की अहम कड़ी है। इस समझौते के तहत ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति जताई थी, जिसके बदले उसे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। इस दौरान रूस ने ईरान से बड़ी मात्रा में समृद्ध यूरेनियम हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम हो जांचः आईएईए



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा है कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की बेहद विस्तृत और सख्त निगरानी व्यवस्था शामिल करना जरूरी होगा। ग्रॉसी ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम काफी व्यापक और महत्वाकांक्षी है, इसलिए इसकी निगरानी के लिए आईएईए निरीक्षकों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा।

### ईरान के पास 10 परमाणु बम बनाने जितना यूरेनियम

आईएईए की रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2025 में 12 दिन चले संघर्ष के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी किए गए ईरानी परमाणु ठिकानों तक एजेंसी को अब तक पहुंच नहीं दी गई है। ऐसे में यह पता नहीं है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन गतिविधियां रोकी हैं या नहीं, और उसके पास कुल कितना परमाणु सामग्री भंडार मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास करीब 440.9 किलोग्राम यूरेनियम है, जिसे 60 प्रतिशत तक संवर्धित किया गया है। यह स्तर 90 प्रतिशत के हथियार-ग्रेड के काफी करीब माना जाता है। यह मात्रा सैद्धांतिक रूप से 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकती है।

## अमेरिका का हिजबुल्ला कमांडर पर 10 मिलियन डॉलर के इनाम का ऐलान

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के रिवाड्र्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम ने अहमद अल-हामिदावी पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया है। हामिदावी ईरान समर्थित मिलिशिया कताइब हिजबुल्ला का कमांडर है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उसकी तस्वीर जारी की। पोस्ट में कहा गया कि यह समूह इराक में अमेरिकी राजनयिक ठिकानों पर हमलों के लिए जिम्मेदार है। इसके साथ इस पर अमेरिकी नागरिकों के अपहरण और निर्दोष इराकी नागरिकों की हत्या के आरोप भी हैं।

**अमेरिका के बिना होर्मुज मिशन की योजना बना रहा यूरोप**

## समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का प्रस्ताव



होर्मुज जलडमरू मध्य

यूरोपीय देश होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक योजना तैयार कर रहे हैं। यूरोपीय देश यह योजना होर्मुज स्ट्रेट से बिना अमेरिका के सीधे दखल के शिपिंग को सुरक्षित करने के लिए बना रहे हैं। ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को नया रूप दिया है। बता दें, ट्रांस-अटलांटिक अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय संघ के बीच एक रणनीतिक, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक साझेदारी है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यवस्था की आधारशिला माना जाता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन और फ्रांस की अगुवाई में एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत लड़ाई समाप्त होने के बाद समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाया जाएगा। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस पहल में समुद्र में बिछी माइंस को हटाने के अभियान (माइन-क्लियरिंग ऑपरेशन) और नौसेना की तैनाती जैसे कदम शामिल होंगे। हालांकि, अमेरिका, इजरायल और ईरान जैसे सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल देशों को इस गठबंधन से बाहर रखा जाएगा।

### नाकाबंदी के बावजूद ईरानी जहाज ने पार किया होर्मुज

अमेरिकी पाबंदी के बावजूद दो मालवाहक जहाज ईरान के बंदरगाहों तक पहुंचने में सफल रहे। ब्रिटिश शिपिंग मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन जहाजों ने पकड़े जाने से बचने के लिए अपने 'स्वचालित पहचान प्रणाली' (एआईएस) के डेटा में चालाकी से बदलाव किया था। ईरान के झंडे वाले दो कंटेनर जहाजों ने पहले अपनी मंजिल दक्षिणी ईरान का 'बंदर अब्बास' बंदरगाह बताया था। लेकिन नाकेबंदी शुरू होते ही उन्होंने अपने संदेश को बदलकर 'पीजी पोर्ट्स' (फारस की खाड़ी के बंदरगाह) कर दिया।


## गुजरात पहुंचा भारतीय एलपीजी टैंकर

भारतीय ध्वज वाला जहाज जग विक्रम करीब 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है। यह जहाज दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण कांडला में मंगलवार रात ऑयल जेटी-1 पर सुरक्षित रूप से लंगर डाल चुका है। यह टैंकर 11 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर आगे बढ़ा था। यह जहाज मार्च की शुरुआत के बाद फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है। हालांकि अभी भी करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज क्षेत्र में मौजूद हैं और आगे के मार्ग के लिए इंतजार कर रहे हैं।

## इटली के साथ शांति की बात बेकारः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया और हिम्मत नहीं दिखाई। ऐसे में शांति की बात करना बेकार है। एक इंटरव्यू में ट्रंप कहा कि मैं हैरान हूं। मैंने सोचा था उनमें हिम्मत है, लेकिन मैं गलत था। उन्होंने आरोप लगाया कि मेलोनी का रुख ईरान के मुद्दे पर कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान को परमाणु हथियार मिल जाता है, तो वह इटली को 2 मिनट में तबाह कर सकता है। इस खतरे को समझे बिना शांति की बात करना सही नहीं है।

## ईरान मिसाइल बेस का मलबा साफ कर रहा



अप्रैल 2026 में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ। ईरान ने 7 अप्रैल को इस युद्धविराम पर सहमति जताई। युद्धविराम के तीसरे दिन यानी 10 अप्रैल को एयरबस कंपनी की सैटेलाइट ने ईरान के खोमिन और तबरेज इलाकों में मिसाइल बेसों की तस्वीरें लीं। इन तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि ईरान के इंजीनियरिंग वाहन टनल के मुंह पर पड़े मलबे को हटा रहे हैं।


## खबर संक्षेप

### अन्वी नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स में शामिल



**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्यूक यूनिवर्सिटी में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहीं कश्मीर मूल की छात्रा अन्वी कौल को नॉर्थ कैरोलिना की टॉप वुमन लीडर्स 2026 की सूची में शामिल किया गया है। वे 'डीन लिस्ट विद डिस्टिंक्शन' में जगह बनाए हुए हैं। वह ड्यूक स्टूडेंट गवर्नमेंट की सह-अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और 1,400 से अधिक अंडरग्रेजुएट छात्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 7.9% की गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव से अप्रैल महीने में देश की कुल विमानन क्षमता जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय में 0.2 प्रतिशत की कमी रही। इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की क्षमता में आई तेज कमी है, जो लगभग 7.9 प्रतिशत तक पहुंच गई। घरेलू उड़ानों की क्षमता में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी जरूर हुई, लेकिन यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आई कमी की भरपाई नहीं कर पाई।

### तुर्किये के स्कूल में फायरिंग, 4 लोगों की मौत



**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेरम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया।

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

# भारत की सुरक्षा एकीकृत राष्ट्रीय प्रयास से ही कायम

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

राष्ट्र की सेवा के पांच गौरवशाली वर्ष पूरे करने वाले राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) ने गुजरात के गांधीनगर के लावाद परिसर में अपना पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आरआरयू को भारत के नागरिक-सैन्य शैक्षणिक दृष्टिकोण का प्रतीक एक अनूठा संस्थान बताया और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण के लिए इसके संकाय और नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा केवल एक सेवा या सिद्धांत से नहीं, बल्कि एक एकीकृत राष्ट्रीय प्रयास से कायम है। उन्होंने साइबरस्पेस, रक्षा प्रौद्योगिकी, डेटा सिस्टम, न्याय व्यवस्था और समुद्री जागरूकता सहित सुरक्षा के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला और छात्रों से अनुशासन, विनम्रता और नैतिक स्पष्टता को लोक सेवा के आदर्शों के रूप में अपनाने का आग्रह किया।





राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में गणमान्य अतिथिगण

**स्नातक छात्रों को 563 डिग्रियां और डिप्लोमा प्रदान किए गए**

### एनएसए डोभाल डॉक्टरेट से सम्मानित

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत कुमार डोभाल को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में उनके विशिष्ट और निरंतर योगदान के सम्मान में मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया। स्नातक होने वाले छात्रों को कुल 563 डिग्रियां और डिप्लोमा (4 पीएचडी, 12 एमफिल, 291 मास्टर डिग्री, 126 बैचलर डिग्री, 88 पीजी डिप्लोमा, 8 एडवांस्ड प्रोफेशनल डिप्लोमा और 34 डिप्लोमा) प्रदान किए गए।

### आरआरयू की अहम भूमिका

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के भावी राष्ट्रीय सुरक्षा पेशेवरों और नीति निर्माताओं को तैयार करने में विश्वविद्यालय की मूलभूत भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा रूपांतरण, घरेलू विनिर्माण में वृद्धि, पुलिसिंग में डिजिटल एकीकरण और साइबर शासन में प्रगति स्वदेशी क्षमता और ज्ञान-आधारित शक्ति के माध्यम से रणनीतिक परिपक्वता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भी आरआरयू को 'देश का रत्न' कह चुके हैं।

एजेडईसी-प्लस मीटिंग में बोले जयशंकर

# व्यापारिक जहाजों पर हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य, ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) में व्यवधानों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षित और निर्बाध समुद्री परिवहन की आवश्यकता पर जोर दिया है। जापान द्वारा आयोजित 'एजेडईसी' बैठक में भाग लेते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों की स्थिरता के लिए समुद्री मार्गों का सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। भारत ने कहा कि व्यापारिक जहाजों (मर्चेंट शिपिंग) पर किसी भी प्रकार के हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं, और इससे न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। विदेश मंत्री ने कहा कि एनर्जी मार्केट में सप्लाई चेन में रुकावटों पर चर्चा करने के लिए जापान की ओर से बुलाई गई 'एजेडीईसी' मीटिंग में हिस्सा लिया।

### ऊर्जा सुरक्षा पर जोर

*बैठक के दौरान भारत ने सहयोग, समन्वय और सामूहिक प्रयासों के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। जापान सरकार की तरफ से आयोजित 'एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी (एजेडईसी) प्लस ऑनलाइन समिट ऑन एनर्जी रेजिलिएंस' को मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम, फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर। मार्कोस जूनियर, थाईलैंड के पीएम अनुतिन चार्नविराकुल, बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान समेत कई बड़े नेताओं ने भी वर्चुअली संबोधित किया। मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, तिमोर-लेस्ते, सिंगापुर, बांग्लादेश और थाईलैंड के नेताओं के अलावा, समिट में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, ब्रुनेई, श्रीलंका और इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) जैसे संगठनों के मंत्री भी शामिल हुए। इब्राहिम ने कहा कि मलेशिया एजेडईसी के जरिए क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि स्थिर, पर्याप्त और लचीली एनर्जी सप्लाई सुनिश्चित हो सके।*

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से **मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा** आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125331/2026










# मुंबई में 1,000 मेगावाट पावर लिंक का शुभारंभ, बिजली व्यवस्था होगी मजबूत

**मुंबई।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने मुंबई और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कुदुस और आरे के बीच 1,000 मेगावाट क्षमता की हाई-वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) ट्रांसमिशन लाइन शुरू की है।

करीब 80 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट में 30 किलोमीटर ओवरहेड लाइन और 50 किलोमीटर अंडरग्राउंड कॉरिडोर शामिल है। यह परियोजना घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है और इसमें दुनिया का पहला कॉम्पैक्ट एचवीडीसी सबस्टेशन भी बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट की योजना मुंबई ब्लैकआउट 2020 के बाद बनाई गई थी, ताकि शहर की बिजली आपूर्ति को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके। यह नई लाइन मुंबई को बाहरी क्षेत्रों से अधिक बिजली, विशेषकर रिन्यूएबल ऊर्जा, प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी। इस अतिरिक्त 1,000 मेगावाट क्षमता से शहर के भीतर बिजली उत्पादन पर निर्भरता कम होगी और बड़े पैमाने पर बिजली कटौती का खतरा घटेगा। उन्नत वीएससी आधारित एचवीडीसी तकनीक के उपयोग से वोल्टेज स्थिरता, तेज़ नियंत्रण और ब्लैक-स्टार्ट जैसी सुविधाएं भी सुनिश्चित होंगी। कंपनी के अनुसार, यह प्रोजेक्ट न केवल बिजली आपूर्ति को मजबूत करेगा बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देते हुए मुंबई के लिए एक सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# आएसआरएम विवि-एपी में भारत के पहले क्वांटम रेफरेंस सुविधा केंद्र की स्थापना मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू द्वारा उद्घाटित

**चेन्नई।** विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर, एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी (क्यूआरएफ) स्थापित करने वाला भारत का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय बनकर इतिहास रच दिया है, जिससे प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में एक साहसिक कदम आगे बढ़ा है। एक ऐतिहासिक क्षण में, क्यूआरएफ का औपचारिक उद्घाटन आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा किया गया, जो न केवल एक संस्थागत उपलब्धि है, बल्कि भारत के क्वांटम भविष्य में एक महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों ने शिरकत की, जिनमें भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर; आंध्र प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री भास्कर कटमनेनी (आईएएस); भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद (ऑनलाइन) शामिल थे। इस कार्यक्रम में डीआरडीओ, डीवाईएसएल के वैज्ञानिक, एनएचटीएल और डीआरडीओ के महानिदेशक, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी मद्रास और टीआईएफआर के निदेशक और वैज्ञानिक, डिमिरा, क्यूबीटेक, क्यूबिट फोर्स, क्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक, एसआरएम विश्वविद्यालय-आंध्र प्रदेश के नेतृत्वकर्ता, प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन और कुलपति प्रो. सी. सतीश कुमार सहित कई अतिथि उपस्थित थे।




आंध्र प्रदेश राज्य क्वांटम मिशन के मिशन निदेशक सी.वी. श्रीधर ने स्वागत भाषण दिया और अमरावती की धरती पर भारत की पहली क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी (क्यूआरएफ) के निर्माण की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के महत्व और प्रभाव को रेखांकित किया। श्रीधर ने कहा, 'एक सपने से हकीकत में बदलते हुए, ये स्वदेशी क्यूआरएफ भारत को क्वांटम अनुसंधान के शीर्ष पांच वैश्विक केंद्रों में से एक बनाने का आधार बनेंगे।' अपने उद्घाटन भाषण में माननीय मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने घोषणा की, "क्वांटम कोई सामान्य तकनीक नहीं है। यह सभी अत्याधुनिक तकनीकों की जननी है। क्वांटम कंप्यूटिंग के भविष्य को परिभाषित करेगा। भारत में प्रतिभा और महत्वाकांक्षा तो हमेशा से रही है, लेकिन वास्तविक क्वांटम हार्डवेयर तक पहुंच का अभाव रहा है। अमरावती क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी के साथ, यह अंतर अब निर्णायक रूप से दूर हो गया है।"

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब भारत में एक क्वांटम प्रणाली का निर्माण मुख्य रूप से घरेलू आपूर्ति श्रृंखला का उपयोग करके किया गया है, जो राष्ट्रीय क्षमता को दर्शाता है। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा, "यह निर्भरता से आत्मनिर्भरता की ओर, भागीदारी से नेतृत्व की ओर एक बदलाव का प्रतीक है, जो एक मजबूत डीप-टेक इकोसिस्टम की नींव रखता है।" उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में हम तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के सही मार्ग पर अग्रसर हैं।

एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी के प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन ने एसआरएम एपी के प्रति माननीय मुख्यमंत्री के सकारात्मक कथनों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि विश्वविद्यालय परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा और किसी भी शैक्षणिक, अनुसंधान और उद्यमशीलता संबंधी पहलों के क्रियान्वयन का केंद्र बनेगा। कुलपति प्रो. सी. स्टैश कुमार ने घोषणा की कि यह परिवर्तन का युग है, न केवल एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी के लिए बल्कि अमरावती, आंध्र प्रदेश और पूरे देश के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने का।विश्वविद्यालयों में पहली और एकमात्र क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी के शुभारंभ के साथ, एसआरएम एपी अमरावती क्वांटम वैली का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है, जिससे आंध्र प्रदेश विश्व के अग्रणी क्वांटम केंद्रों में शुमार हो गया है। यह पहल एक वितरित राष्ट्रीय क्वांटम अवसंरचना की नींव रखती है, जो 'भारत में निर्मित, भारत और विश्व के लिए' की परिकल्पना को दर्शाती है।

# शुभ से स्मार्ट तकः रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया को किया नए सिरे से परिभाषित

## एक नए भारत के लिए आकर्षक मूल्य-आधारित ऑफ़र के साथ सोने और हीरे के गहनों को और सुलभ बनाया जा रहा है

**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद गहनों के ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया पर एक ताज़ा और मूल्य-आधारित दृष्टिकोण के साथ कदम रखा है। इस ब्रांड ने सोने और हीरे के नए कलेक्शन पेश किए हैं, जो त्योहारी खरीदारी को अधिक स्मार्ट और सुलभ बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। ग्राहक सोने के गहनों पर मात्र 9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज और हीरे के गहनों के सोने के मूल्य पर 99% की छूट का लाभ उठा सकते हैं — यानी उन्हें केवल हीरों की कीमत चुकानी होगी। यह सचमुच एक बेमिसाल फेस्टिव ऑफ़र है। यह ऑफ़र 19 अप्रैल 2026 तक मान्य है। इस अक्षय तृतीया पर ग्राहक सोने और हीरे की बालियों, अंगूठियों, कंगनों और चेन सहित गहनों की विस्तृत श्रृंखला में से अपनी पसंदीदा गहने चुन सकते हैं। इस कलेक्शन में स्टड्स, हूप्स और स्लीक फिंगर रिंग जैसे रोज़मर्रा के पसंदीदा गहनों के साथ-साथ झुमकी, चाँदबाली, स्टेटमेंट नेकलेस और बारीक कारीगरी वाले कंगन जैसी फ़ेस्टिव स्टाइल गहने भी शामिल है। डेली वेयर से लेकर ब्राइडल ज्वेलरी तक के विकल्पों के साथ, यह कलेक्शन गहनों को पसंद करने वालों को डिज़ाइनों की विविधता और बेहतरीन मूल्य, दोनों प्रदान करता है। सोने की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और उपभोक्ताओं के व्यवहार में आते बदलाव के बीच, रिलायंस ज्वेल्स एक महत्वपूर्ण बदलाव की ओर ध्यान दिलाता है — आज गहने केवल एक परंपरागत खरीद



नहीं, बल्कि एक स्मार्ट और पहनने योग्य निवेश भी है। उपभोक्ता अब ऐसी डिज़ाइनों की तलाश में हैं, जो भावनात्मक मूल्य और व्यावहारिक खर्च के बीच अच्छा संतुलन बनाएं। इस सोच को साकार करते हुए, इस ब्रांड के फ़ेस्टिव कैंपेन में प्रसिद्ध अभिनेता गजराज राव और लापता लेडीज़ की प्रतिभा रांता के बीच एक भावपूर्ण पिता-पुत्री के पल को दर्शाया गया है। यह विज्ञापन फ़िल्म इस बात को उजागर करती है कि कैसे युवा उपभोक्ता परंपराओं को अधिक जागरूक और मूल्य-सचेत दृष्टिकोण से देख रहे हैं और साथ ही वे पारिवारिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। जहाँ अक्षय तृतीया का अर्थ अभी भी 'शुभ' खरीदारी है, वहीं रिलायंस ज्वेल्स अपनी परिकल्पना को "शुभ अक्षय तृतीया" से "स्मार्ट अक्षय तृतीया" की ओर ले जा रहा है। अक्षय तृतीया ऑफ़र के बारे में रिलायंस ज्वेल्स के प्रवक्ता ने कहा कि "सोने की कीमतों में चल रहे उतार-चढ़ाव के बीच, उपभोक्ताओं का व्यवहार भी स्पष्ट रूप से बदल रहा है। आज के ग्राहक अधिक जागरूक, मूल्य-सचेत और विवेकशील हैं। रिलायंस ज्वेल्स में हमने इसी गहरी समझ के आधार पर अक्षय तृतीया के लिए मूल्य-आधारित कलेक्शन लॉन्च किया है और रिलायंस ज्वेल्स को न केवल इस परंपरा का अभिन्न हिस्सा माना है, बल्कि इसे एक स्मार्ट, पहनने योग्य निवेश के रूप में स्थापित किया है। यह आज के समय के अनुकूल है और 'शुभ' के साथ 'स्मार्ट' तरीके से उत्सव मनाने को एक साथ जोड़ता है।"

# पिरामल फाइनेंस लिमिटेड का मध्यप्रदेश में विस्तार, 1 लाख करोड़ एयूएम का आंकड़ा पार

मुंबई। प्रमुख एनबीएफसी कंपनी पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी प्रगति में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसमें कंपनी ने अपने कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। यह उपलब्धि कंपनी की मजबूत वृद्धि और प्रदर्शन को दर्शाती है, विशेषकर मध्यप्रदेश जैसे क्षेत्रीय और अर्ध-शहरी बाजारों में।

पिरामल फाइनेंस के लिए मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, जहां इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की 26 शाखाएं हैं। इन शाखाओं के माध्यम से होम लोन और बिजनेस लोन की बढ़ती मांग को पूरा किया जा रहा है, जो स्थानीय विकास और उभरते शहरों में वृद्धि के कारण बढ़ रही है। पिछले चार वर्षों में कंपनी ने अपने नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2021 में कंपनी की शाखाओं की संख्या 20 से कम थी, जो अब बढ़कर 26 राज्यों के 460 शहरों में 650 से अधिक हो गई है। कंपनी का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में 1,000 स्थानों तक पहुंचने का है, विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। पिरामल फाइनेंस ने वित्त वर्ष 2028 तक 1.5 लाख करोड़ रुपये के एयूएम का लक्ष्य रखा है। कंपनी का यह लक्ष्य रिटेल लोन व्यवसाय की बढ़ती मांग को देखते हुए प्राप्त किया जा सकता



है। इसके अलावा, कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में लोन सेवाएं और गोल्ड लोन शुरू करने की योजना बना रही है, जिससे कंपनी की पहुंच और भी मजबूत होगी। कंपनी का रिटेल लोन कारोबार पिछले चार वर्षों में लगभग 4 गुना बढ़ चुका है, और इसके प्रोडक्ट्स की संख्या भी बढ़कर लगभग 20 हो गई है। इनमें होम लोन, प्रॉपर्टी लोन, छोटे व्यवसाय के लिए लोन, डिजिटल पर्सनल लोन और सेकेंड-हैंड वाहनों के लिए फ़ाइनेंस शामिल हैं। पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपने विस्तार को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि 1 लाख करोड़ रुपये के एयूएम का आंकड़ा पार करना कंपनी के ग्राहकों के विश्वास को दर्शाता है। साथ ही, कंपनी का ध्यान आने वाले समय में पूरी भारत में जिम्मेदारी से लोन सुविधा उपलब्ध कराने पर रहेगा, विशेष रूप से तकनीक और डेटा-आधारित लोन प्रक्रिया के माध्यम से।

पिरामल फाइनेंस की सफलता का मुख्य कारण उसका "फिजिटल" मॉडल है, जिसमें मशीन लर्निंग, एआई टूल्स और रियल-टाइम डैशबोर्ड जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। कंपनी ने अब तक 50 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की हैं और यह लगातार अपने ग्राहक नेटवर्क का विस्तार कर रही है।




# घर की छत, कमरे, टॉयलेट से लेकर दाना-पानी का तैयार रखिए ब्योरा, आज से ऑनलाइन दे सकेंगे 33 सवालों के जवाब

**रायपुर।** देश में इस बार की जनगणना में स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमरेशन) की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है। जनगणना 16 अप्रैल से ऑनलाइन शुरू होगी। अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 से 30 अप्रैल के बीच एसई-सेंसस के पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक सेल्फ इन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। आईडी 1 मई को घर-घर सर्वे के लिए आने वाले प्रगणक को देकर स्व गणना में दी गई जानकारी की पुष्टि करेंगे। यह पूरी तरह से डिजिटल होगीत- पहले चरण में 1 से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस चरण में मकान से जुड़ी जानकारियों के अलावा, पानी, बिजली, शौचालय, रसोई गैस और इंटरनेट जैसी सुविधाओं की जानकारी भी दर्ज की जाएगी। बताया गया है कि इससे प्रदेश की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। वहीं यह जनगणना बहुत ही खास मानी जा रही है, क्योंकि यह पूरी तरह से डिजिटल होगी।

# भारत सरकार ने पीएनजी विस्तार में तेजी लाने के लिए नीतिगत पहल की

**जबलपुर।** भारत सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा के प्रचार और पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से, एक समन्वित नीतिगत ढाँचे के तहत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेजी लाने की पहल शुरू की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, मार्च 2026 से अब तक 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, और 4.88 लाख नए उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है। इस पहल के तहत 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026' की अधिसूचना जारी की गई है, जो शहरी गैस वितरण इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा, 'राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0' को 30 जून 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे कनेक्शन देने और माँग बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक कोमोडिटीज़ की आपूर्ति पर निगरानी रखने की सलाह दी है, ताकि बदलाव के इस दौर में संतुलित ऊर्जा वितरण सुनिश्चित किया जा सके। यह नीतिगत पहल स्वच्छ ईंधन तक पहुँच बढ़ाने और गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बदलाव को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Eeco
Model 2023
MP20-ZK-2051
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6197



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6196 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6207

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |





डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. रणधीर सूद**
**चेयरमैन-गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम**

स्पेशलः वर्ल्ड लिवर-डे, 19 अप्रैल

यकृत (लिवर या जिगर) हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का माध्यम भी यही है। ऐसे में अगर इसकी प्रॉपर केयर न की जाए तो कई सीरियस हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। अनहेल्दी लिवर के क्या लक्षण होते हैं, इनसे कैसी समस्याएं हो सकती हैं और लिवर को कैसे हेल्दी रख सकते हैं, इन सभी के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

# लिवर हेल्थ न करें इग्नोर हो सकती हैं गंभीर प्रॉब्लम्स








आज के दौर में अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और खासकर गलत खान-पान के कारण अनेक लोगों के लिवर पर बुरा असर पड़ रहा है। यही कारण है कि इन दिनों हर आयु वर्ग के लोगों में लिवर से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में लिवर हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है।

## अनहेल्दी लिवर के लक्षण

हालांकि कुछ लोगों के लिवर में खराबी से संबंधित लक्षण देर से सामने आते हैं। लेकिन अगर आप यहां बताए जा रहे लक्षणों में से कुछ को महसूस करते हैं और आपको लंबे समय तक समस्या हो रही है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

- समय पर या अच्छी तरह दिन में दोनों वक्त भूख न लगना या धीरे-धीरे इसका आकार कम होते जाना।
- पेट में कुछ अंतराल पर या फिर लगातार दर्द होना।
- कुछ अंतराल पर या लगातार पेट में सूजन होना।
- बिना किसी वजह के शरीर का वजन कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- कई दिनों तक बुखार का बना रहना।
- बिना अधिक परिश्रम किए थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण सामने आना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- हमेशा जी मिचलाते रहना।
- अकसर दस्त की समस्या होना।

## लिवर से संबंधित मेन प्रॉब्लम्स

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

## लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है। लिवर कैंसर के ये प्रमुख कारण हो सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी। फैटी लिवर डिजीज और एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**ऐसे करें बचावः** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस-बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस-सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है।



अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लाइलाज नहीं है लिवर कैंसरः** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए भी इलाज किया जा सकता है।

## लिवर सिरोसिस

लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है। खून की वॉमिट होना, आंत में रक्त स्त्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का असामान्य बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'असामान्य होना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**इन पर करें अमलः** लिवर सिरोसिस से ग्रस्त होने पर शराब का सेवन (अगर करते हैं) तुरंत छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, जिसके कारण मरीज की जीवन अवधि बढ़ सकती है।

## फैटी लिवर

अगर लिवर में अत्यधिक वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है।

**फैटी लिवर के प्रकारः** यह दो प्रकार का हो सकता है- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज।

**प्रमुख लक्षणः** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**कारणः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अस्वास्थ्यकर खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण होता है। जो लोग जंक फूड्स व अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है।

इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं, जिसका एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है-

- जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है।
- मधुमेह से ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए।
- जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाना चाहिए।

**बचाव के उपायः** एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम में सबसे पहले शराब छोड़ना जरूरी है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं। फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10 प्रतिशत तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते, समस्या बनी रहती है तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।



## हेपेटाइटिस की समस्या

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस, वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, हेपेटाइटिस-डी और हेपेटाइटिस-ई।

**हेपेटाइटिस ए और ईः** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1 प्रतिशत मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इनसे ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस-ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस-बीः** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस-सीः** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस-डीः** जिन लोगों को हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस-डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है।

## इन बातों पर भी दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर के लिए नुकसानदेह है।
- ट्रांस फैट्स से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### लिवर को ऐसे रखें स्वस्थ



**मोटापा आपके** लिवर हेल्थ के लिए हार्मफुल है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांचः** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरीः** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर बुरा असर डालते हैं।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रितः** जो लोग डायबिटिक हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है।

---

अवेयरनेस

**डॉ. मोनिका शर्मा**

# अपनी आवाज का रखें ध्यान





विचारों की अभिव्यक्ति से लेकर मनोभावों को जताने तक आवाज जरूरी है। बावजूद इसके आवाज की केयर को लेकर सजगता बहुत कम लोगों में होती है। इस बारे में मेडिकल सलाह लेने को लेकर ज्यादातर सोचा ही नहीं जाता है। हर साल 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला **वर्ल्ड वॉयस डे**, ना केवल आवाज के महत्व को समझने बल्कि उचित देखभाल के लिए सजग करने से भी जुड़ा है। इस खास दिन पर पूरी दुनिया में वॉयस रिलेटेड परेशानियों के ट्रीटमेंट और प्रिवेंशन के तरीकों पर चर्चा होती है।

**बोलते समय रखें ध्यानः** आमतौर पर हम औपचारिक मीटिंग या मेलजोल में ही आवाज के पिच का ध्यान रखते हैं। आम जिंदगी में तीखे या तेज स्वर में बोलने के तरीके पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। जबकि आवाज की सुरक्षा के लिए बहुत तेज बोलने से परहेज करना सबसे जरूरी है। साथ ही बहुत लंबे समय तक बोलने से भी बचना चाहिए। अगर बोलना जरूरी ही हो तो बीच में पानी पीते रहें। गले को हाइड्रेट रखने से आवाज को नुकसान नहीं पहुंचता। वोकल कॉर्ड्स को स्वस्थ रखने के लिए गले को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है।

**स्पेशलिस्ट की लें हेल्पः** किसी भी तरह का वॉयस डिसऑर्डर आम जिंदगी में कम्युनिकेशन और दूसरी एक्टिविटीज को गहराई से प्रभावित करता है। बचपन से ही किसी को बोलने या उसकी आवाज में परेशानी है तो स्पीच लैंगवेज स्पेशलिस्ट की भी हेल्प ली जा सकती है। ये वॉयस डिसऑर्डर्स का कारण बनने वाले फैक्टर्स को समझने और हेल्दी वॉयस बनाए रखने के तरीकों के स्पेशलिस्ट होते हैं।

**ऐसे रखें वॉयस का खयालः** धूम्रपान, शराब का सेवन और ऊंचे स्वर में बोलना आवाज को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें हैं। तंबाकू के धुएं से वोकल कॉर्ड्स में जलन और सूजन की समस्या होती है। निकोटीन और दूसरे केमिकल्स मुंह, नाक, गले और लंग्स की सेहत बिगाड़ते हैं। आवाज अच्छी रखने के लिए ऑर्गंस के इस पूरे सिस्टम का स्वस्थ रहना जरूरी है। ध्यान रहे कि मसालेदार खाने, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कैफीन युक्त पेय यानी चाय-कॉफी के अधिक सेवन से भी वॉयस हेल्थ पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में बढ़ते प्रदूषण से भी आवाज को नुकसान पहुंच रहा है। वक्त रहते ध्यान ना देने और नुकसान पहुंचाने वाली आदतों को जारी रखने से आवाज अचानक बंद हो जाने की स्थिति भी बन जाती है। बढ़ते पॉल्यूशन के बीच नियमित स्टीम लेना भी वॉयस हेल्थ सही रखने में मदद करता है। इस तरह आपकी आवाज अच्छी बनी रहेगी। *


---



डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर**

# कुछ खाने-पीने में जब गले में हो दर्द



**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक हो सकती है?**

**-पुनीत, बिलासपुर**

हालांकि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बहुत हो रहा है। इस वजह से वायरल संक्रमण की समस्या तमाम लोगों में देखी जा रही है। अगर ऐसा हो रहा है तो आपको गर्म पानी में नमक डालकर सुबह-शाम गरारा करना चाहिए। अगर इससे आराम नहीं मिलता तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। फिलहाल आप फ्रिज में रखी कोई भी ठंडी चीज बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं दिन भर में 8-10 ग्लास पानी पी लेता हूं, फिर भी मेरा गला बार-बार सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आयुष, रायपुर**

यह समस्या आपको पूरे साल रहती है या केवल गर्मियों में रहती है, आपने यह नहीं बताया। क्योंकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है और प्यास लगने पर गला सूखता है। लेकिन गर्मियों में ही यह समस्या देखी जाती है। अगर गर्मियों में ही ऐसा होता है तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर पूरे साल ऐसा लगता है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा आता रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? बताएं, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कौशल, हिसार**

यह समस्या आपको क्यों हो रही है, सबसे पहले इसका कारण ढूंढ़ना जरूरी है। आप यह देखें कि पिछले कुछ समय में जीवन में ऐसा क्या खास हुआ है? जो भी नई समस्या आई है तो उसका समाधान निकालें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वे आपको प्रॉपर गाइड करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क करे, अपने मन से कोई भी दवाई ना खाएं।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। रोज सुबह जब मैं सोकर उठता हूं तो कुछ देर तक पीठ और कमर में जकड़न फील होती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-महेंद्र, ईमेल से**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी मसल्स कमजोर होती हैं। उनको सुबह उठने पर अकड़न रहती है। इससे निजात पाने का स्थाई तरीका यह है कि आप सुबह-शाम कमर की एक्सरसाइज करें। इसके लिए आपको किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। साथ ही दूध और दूध से बने प्रोडक्ट्स का सेवन अधिक से अधिक करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मुझे पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है और सांस लेने में भी प्रॉब्लम हो रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले वो भी छोड़ चुका हूं। फिर ऐसा क्यों हो रहा है? प्लीज मेरी प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जसवीर, रोहतक**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि पहले आप स्मोक करते थे। कई बार ऐसे लोगों को लंग्स में दिक्कत हो जाती है। कई बार हार्ट में प्रॉब्लम की वजह से भी ऐसा होता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# नाडा की आरपीटी सूची में बदलाव, श्रेयस-स्मृति की जगह अभिषेक-अक्षर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## नाडा की सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल



टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है।

## एथलेटिक्स के सर्वाधिक खिलाड़ी



नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी, जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं। हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं।

## पंड्या, पंत और बुमराह बरकरार



टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

## बैडमिंटन के 8 खिलाड़ी शामिल



बैडमिंटन से आठ खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया गया है, जिनमें पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और गायत्री गोपीचंद प्रमुख हैं। इस सूची में 22 मुक्केबाज शामिल हैं। इनमें विश्व पदक विजेता निकहत ज़रीन, निशांत देव और जैस्मीन लैंबोरिया के साथ-साथ ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं। कुश्ती से 31 खिलाड़ियों को इस सूची में जगह दी गई है। इनमें ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत भी शामिल हैं।

# वर्ल्ड चैंपियन एक्सलसन ने छोड़ा बैडमिंटन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- 2017 व 2022 में वर्ल्ड चैंपियन बने थे एक्सलसन
- 32 साल के एक्सलसन अक्टूबर 2025 से किसी प्रतियोगिता में नहीं हुए शामिल

दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है।

चैंपियन एक्सेलसन ने कहा, ' जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।'

## पूरे कॅरियर में अस्थमा से जूझते रहे विक्टर

मिलनसार स्वभाव का यह खिलाड़ी अपने पूरे करियर में अस्थमा से जूझता रहा है। उन्होंने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते तथा 2017 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह यूरोपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली डेनमार्क की छह टीमों का भी हिस्सा रहे। उन्होंने कहा, 'मैंने यह फैसला चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद लिया है। उनका कहना है कि मुझे अभी जो दर्द हो रहा है, उसके लिए शायद एक और सर्जरी करवानी पड़े। अगर सर्जरी सफल नहीं रही तो इससे भी गंभीर प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।

# 19 साल के मूडी का कमाल, अस्पताल से निकलते ही वर्ल्ड स्नूकर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्टैन मूडी टॉन्सिलाइटिस के इलाज के लिए भर्ती थे। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के एक दिन बाद उन्होंने चीन के जियांग जून को हराकर पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मूडी साल 2007 में जड ट्रंप के बाद क्रूसिबल में खेलने वाले पहले ब्रिटिश टीनएजर होंगे। स्टैन मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया। 6-5 से पिछड़ रहे नंबर-44 मूडी ने 71, 70, 113 और 127 के स्कोर बनाकर 9-8 की बढ़त हासिल की। इसके बाद 18वें फ्रेम में उन्होंने मैच जीतने का मौका गंवा दिया, लेकिन निर्णायक फ्रेम में शानदार 104 का स्कोर बनाकर अपनी गलती सुधार ली। मूडी की यह जीत इसलिए भी ज्यादा अहम है, क्योंकि पिछली रात ही वह टॉन्सिलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इसके बावजूद उन्होंने खुद को डिस्चार्ज करवाया और शारीरिक तकलीफ के बावजूद खेलते हुए इस सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह सुनिश्चित की। वर्ल्ड स्नूकर ने मूडी के हवाले से बताया, डॉक्टर्स ने मुझसे कहा, हम जानते हैं कि आप मना करोगे, लेकिन हम चाहते हैं कि आप अस्पताल में ही रुको।' मैंने मना कर दिया और कहा कि मुझे एक मैच खेलना है। मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा ही किया। उन्होंने मुझे कुछ एंटीबायोटिक्स और दूसरी दवाएं दीं। मैं अब वहां वापस नहीं जाऊंगा, मुझे वह जगह बिल्कुल पसंद नहीं है। मैच के आखिर में, मैंने अपनी जिंदगी में कभी इतना दबाव महसूस नहीं किया था। मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। जब से मैंने खेलना शुरू किया है, यह मेरा सपना रहा है।

# धीमी ओवर गति के लिए रहाणे को दंड, लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के अनुसार, ' कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, इसलिए रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' केकेआर का अगला मुकाबला शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स से होगा।

# न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।






**ट्रेनिंग पूरी, नौकरी अधर में...**

# बिजली विभाग में अधिकारियों की निरंकुशता से हजारों नियुक्तियां ठप!

## *अधीक्षण अभियंताओं की लापरवाही से रोटेशनल ट्रेनिंग ध्वस्त, एचआर का आदेश दरकिनार, छह माह बाद भी भटक रहे अभ्यर्थी*

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश के बिजली विभाग में प्रशासनिक अव्यवस्था और अधिकारियों की निरंकुश कार्यशैली का गंभीर मामला सामने आया है। छह माह का अनिवार्य प्रशिक्षण पूरा करने के बावजूद हजारों अभ्यर्थियों को अब तक फील्ड पर नियुक्ति नहीं मिल पाई है। स्थिति यह है कि विभागीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण पूरी नियुक्ति प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है, जबकि प्रशिक्षित युवा अपने हक के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले की जड़ अधीक्षण अभियंताओं की लापरवाही और मनमानी है। सेंट्रल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीटीआई) को समय पर जरूरी जानकारी और रिपोर्ट नहीं भेजी गई, जबकि मानव संसाधन विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर हर माह रोटेशनल ट्रेनिंग सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी इन्हीं अधिकारियों को सौंपी थी। आदेशों की खुली अनदेखी करते हुए न तो समय पर रिपोर्टिंग की गई और न ही ट्रेनिंग शेड्यूल का पालन हुआ। इसका सीधा असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ा, जो अब पूरी तरह बाधित हो चुकी है।



### महत्वपूर्ण पद खाली, व्यवस्था पर असर

कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता, लाइन अटेंडर, लाइन ऑपरेटर और कार्यालयीन स्टाफ जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इन पदों पर नियुक्तियां न होने से विभागीय कार्यप्रणाली प्रभावित होने लगी है, जिससे भविष्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### क्षेत्रीय असमानता ने बढ़ाया असंतोष

जानकारी के मुताबिक मध्य और पश्चिम क्षेत्र में इसी प्रक्रिया के तहत कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल चुकी है, जबकि अन्य क्षेत्रों में फाइलें तक आगे नहीं बढ़ पाईं। इस असमानता ने अभ्यर्थियों के बीच असंतोष को और गहरा कर दिया है और विभागीय कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी थे तो उनका पालन क्यों नहीं हुआ। विभागीय उच्चाधिकारियों की चुप्पी और जिम्मेदार अधीक्षण अभियंताओं पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना इस पूरे मामले को और संदिग्ध बनाता है। इससे यह संकेत मिलता है कि कहीं न कहीं लापरवाही को संरक्षण मिल रहा है।

### अभ्यर्थियों में उबाल, आंदोलन की चेतावनी

लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण पूरा किया। लेकिन अब उन्हें जानबूझकर नियुक्ति से वंचित रखा जा रहा है। कई अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नियुक्ति नहीं दी गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### कब टूटेगा यह गतिरोध?

विभागीय लापरवाही और अधिकारियों की निरंकुशता के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक प्रशिक्षित युवाओं का भविष्य अधर में लटका रहेगा। फिलहाल विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है, जिससे यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

**हाई कोर्ट ने एफआईआर दर्ज न होने पर मांगा जवाब**

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 30 लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 30 लाख की धोखाधड़ी के मामले में एफआइआर दर्ज न किए जाने पर गंभीरता दर्शाई। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार सहित अन्य से मामले पर जवाब-तलब किया।



मऊगंज जिले के ग्राम खजुराहन निवासी प्रमोद कुमार कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता बीज भंडार का व्यवसाय करता है। फरवरी, 2024 में ग्राम पाडर निवासी आनंद सिंह, पिता महेंद्र सिंह, ग्राम राजगवा निवासी अच्छेलाल पटेल पिता कौशल लाल पटेल व जितेश श्रोती, प्रताप बृजेंद्र बिहारी उनके प्रतिष्ठान पर आए और स्वयं को शेयर मार्केट में निवेश कराने का व्यवसाय करने वाला बताया। आरोपितों ने याचिकाकर्ता को भरोसा दिलाया कि निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलेगा और दीपावली तक पूरी राशि वापस कर दी जाएगी। उनके झांसे में आकर याचिकाकर्ता ने अलग-अलग समय पर बैंक के माध्यम से लगभग 30 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। किन्तु बाद में आरोपितों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए और संपर्क से बाहर हो गए। इस संबंध में पता करने पर की याचिकाकर्ता को पता लगा कि ये लोग गिरोह बनाकर कई लोगों से पैसे ऐंठ चुके हैं। इसके बाद याचिकाकर्ता ने पुलिस थाना मऊगंज में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई एफआइआर दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि पुलिस और आरोपितों के बीच सांठगांठ के कारण कार्रवाई नहीं हुई।

लिहाजा, याचिकाकर्ता ने 23 अक्टूबर, 2025 को पुलिस अधीक्षक , मऊगंज को भी लिखित शिकायत दी, लेकिन वहां भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः हाई कोर्ट की शरण ली गई। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस विभाग को केस डायरी प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

# प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परीक्षा परिणाम हाईकोर्ट के अधीन

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट में कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से 5 प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने को चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि उक्त मेरिट लिस्ट इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन होगी। कोर्ट ने मामले में राज्य शासन सहित कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जबाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य उम्मीदवारों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को 5 फीसदी बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास 'भारतीय पुनर्वास परिषद' (आरसीआई) से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है। चयन सूची में लगभग 14 हजार 964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं। याचिका में 'भारतीय पुनर्वास परिषद' के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि पूरे मध्य प्रदेश में आरसीआई पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं। ऐसे में लगभग 15 हजार उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है। लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18 हजार उम्मीदवारों ने 'हाँ' का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है। इसके बावजूद, सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया ।

### नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

बिना किसी भौतिक सत्यापन के सॉफ्टवेयर के माध्यम से उम्मीदवारों के डिक्लेरेशन के आधार सीधे बोनस अंक दे दिए गए। इससे वास्तविक और योग्य उम्मीदवारों की मेरिट गिर गई और वे चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। दलील दी गई कि झूठी जानकारी देकर चयन होने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट में 5 प्रतिशत बोनस अंक मिले हैं, वे भी हाइकोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि जल्दबाजी में हुई त्रुटि के कारण उनके द्वारा बोनस अंक का लाभ प्राप्त कर लिया जबकि उनके पास उससे संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र नहीं है। याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी दोषपूर्ण मेरिट लिस्ट को रद्द करने की मांग की गई है तथा केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्र धारकों को ही बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने की मांग की गई है।

**सीबीआई कोर्ट का फैसला : कुल 11 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**एक करोड़ 22 लाख के गबन का मामला**

# एसबीआई के पूर्व मैनेजर सहित अन्य को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**जबलपुर**। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता की अदालत ने एसबीआइ मैनेजर सहित अन्य को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कुल 11 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दरअसल, सीबीआई द्वारा वर्ष 2011 में एफआइआर दर्ज कर विवेचना की गई थी। फरवरी, 2010 से मई, 2010 के अंतराल में भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर केएस राउत, विजय कुमार मालवीय, फील्ड आफिसर के द्वारा आशीष सिंघई, योगेंद्र, मणि सिंघई, प्रियंका, संतोष सिंघई व विष्णु बहादुर सिंह के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र किया गया व एक करोड़ 22 लाख का गबन किया गया।

मामले में विवेचना के बाद सीबीआई द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर केएस राउत, विजय कुमार मालवीय फील्ड आफिसर तेंदूखेड़ा व अन्य नौ के विरुद्ध सीबीआई द्वारा सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट फाइल की गई थी। विवेचना में यह पाया गया था कि दाल मिल संचालक सिंघई परिवार द्वारा वेयरहाउस में बिना दाल रखे प्रबंधक के साथ मिलकर फर्जी रसीद जारी कराई गई। जिसके आधार पर सिंघाई परिवार द्वारा एसबीआई से लोन लिया गया। सिंघाई परिवार द्वारा फर्जी रसीद के आधार पर एसबीआई से जो लोन लिया गया था। उसका भुक्तान नहीं किया गया था। वेयर हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया तब बाहरी लेयर में चने की दाल और अंदर लेयर में भूसी व डस्ट रखी हुई थी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को उनकी फर्मों सहित दोषी पाते हुए सभी को विभिन्न धाराओं में तीन-तीन वर्ष के कारावास व कुल 11 लाख 20 हजार रुपये के हैजुर्माने से दंडित किया। लोक अभियोजक संजय कुमार उपाध्याय ने सीबीआई का पक्ष रखा।

***खिलौना बैंक, बर्तन बैंक, पुस्तक बैंक, थैला बैंक बनेंगे उदाहरण, पूजन सामग्री भी मिलेगी***

# गौरीघाट में अवैध कब्जे की जगह अब सज रहे हैं 'नेकी के केंद्र'

**जबलपुर**। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार गौरीघाट क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिस स्थान पर दो महीने पहले तक अव्यवस्थित और अवैध कब्जे थे, वहां अब नगर निगम एक भव्य और आकर्षक RRR (Reduce, Reuse, Recycle) केंद्र का निर्माण कर रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारेगी, बल्कि नागरिकों के लिए 'सेवा और सुविधा' का संगम भी बनेगी। घाटों पर पूजन सामग्री की दुकानें अव्यवस्थित होने से जाम की स्थिति बनती थी। अब नए प्लान के तहत श्रद्धालुओं को एक ही छत के निचे गार्बेज फ्री और व्यवस्थित तरीके से पूजन सामग्री मिल सकेगी। स्थानीय विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान मिलने से उनकी आजीविका भी सुधरेगी और घाट की सुंदरता भी बनी रहेगी।



***प्रताड़ना : पति, जेठ, सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज***

# पति ने लिए 5 लाख, सास को चाहिए थे नए गहने

**जबलपुर**। पनागर पुलिस ने एक महिला की आत्महत्या के मामले की विवेचना के बाद आरोपी पति, सास, जेठ के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध सीएसपी अधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव ने बताया कि गत 27 मार्च को तिवारी खेड़ा निवासी 30 वर्षीय श्रीमति प्रतिभा पटेल ने जहर का सेवन कर लिया था। उसके बाद उसके पति विपिन पटेल ने उसके इलाज के लिए नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया है।

इस दौरान मृतिका के माता पिता के बयान लिए गए, जिसमें यह बात सामने आई कि 4 मई 2023 को प्रतिभा की शादी विपिन पटेल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक तो ठीक-ठाक चला उसके बाद एक बच्ची का जन्म हुआ। लड़की पैदा होने के बाद बात-बात पर बेटा नहीं होने का ताना सास मीना पटेल देने लगी, और अविवाहित जेठ नीरज पटेल बहू से गालीगलौज करने लगा। इस बात की जानकारी मिलने पर उसके माता पिता प्रतिभा को अपने घर ले आए थे। फिर विपिन 2 महीनें बाद ससुराल गया और माफी मांगकर प्रतिभा को वापस ले आया। कुछ दिन बाद विपिन भी पत्नी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगा। प्रतिभा के माता पिता ने मकान बनवाने के लिए विपिन को 5 लाख रुपए नगद दिए थे। सास सोने के हार, और नए डिजाइन के गहनों की मांग करती थी। प्रतिभा ने सारी बाते अपने माता पिता को बताई। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया यह मामला सामने आया है कि प्रताड़ना से तंग आकर प्रतिभा ने जहर खाकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने आरोपी पति विपिन पटेल, सास मीना पटेल, जेठ नीरज पटेल सभी के विरूद्ध धारा 80(2), 3(5) बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**सीबीआई अधिकारी बताकर लिए रुपए**

# इंस्टाग्राम में दोस्ती कर युवती से की ठगी

**जबलपुर**। थाना अधारताल क्षेत्र में इंस्टाग्राम के जरिए हुई दोस्ती एक युवती को भारी पड़ गई। खुद को यूके से आया युवक और सीबीआई अधिकारी बताकर आरोपियों ने 27 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा कॉलोनी न्यू कंचनपुर निवासी 21 वर्षीय बी.फार्मा की छात्रा शगुन तिवारी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पहचान करीब एक से डेढ़ महीने पहले इंस्टाग्राम पर रवि शर्मा नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच इंस्टाग्राम मैसेज, व्हाट्सएप चैट और कॉलिंग के जरिए बातचीत होने लगी। गत 24 मार्च को रवि शर्मा ने उसे बताया कि वह यूके लंदन से मुम्बई आ रहा है तथा मुम्बई से जबलपुर आयेगा जिसने फ्लाइट टिकिट भी भेजा था। दूसरे दिन सुबह लगभग 8 बजे रवि शर्मा ने उसे व्हाटसएप कॉलिंग कर बताया कि मुम्बई एयरपोर्ट पहुंच गया है उसे सीबीआई आफिसर ने रोक लिया है क्योंकि उसके पास गोल्ड रखा है जिससे टेक्स लगेगा मेरे पास यूएस डॉलर हैं और परमीशन कार्ड बनाने के लिये इंडियन करेंसी की जरूरत है मेरी पहचान का इंडिया में कोई नहीं है तुम मेरी मदद कर दो तुम्हारे पास सीबीआई आफिसर का फोन आयेगा, ऐसा कहते हुए लगभग 15 मिनिट बाद एक अननोन नम्बर से व्हाटसएप कॉल आया जिसने अपने



आप को सीबीआई आफिसर मुम्बई एयरपोर्ट से बोल रहा है कहते हुए बताया कि रवि शर्मा को पकड़ लिया है रवि शर्मा के पास गोल्ड है जिसका टेक्स 27 हजार रूपये रवि शर्मा को देना पड़ेगा, और परमीशन लेटर बनाने के लिये 15 हजार रूपये लगेगें, तभी हम रवि शर्मा को छोड़ेंगे, कुछ देर बाद रवि शर्मा ने उसे व्हाटसएप कॉल करके छुड़वाने के लिये कहा, वह रवि शर्मा की बातों में आ गयी थी और उसने अपने कुछ परिचितों से पैसे लेकर सीबीआई आफिसर द्वारा भेजे गये अलग अलग क्यूआर कोड में कुल 9 हजार रूपये 25 मार्च को अपने अकाउण्ट से भेजे थे इसी दौरान रवि शर्मा और सीबीआई आफिसर का बार बार फोन आ रहा था और पैसे के लिये दबाव बना रहे थे फिर उसने 26 मार्च को 6 हजार रूपये, 28 मार्च को 12 हजार रूपये, अलग अलग क्यूआर कोर्ड में भेजे इसके बाद भी 15 हजार रूपये की डिमांड कर रहे थे। उसके ट्रांजेक्शन के संबंध में उसके पिता को पता चल गया था। उसके बाद उसे पता चला कि रवि शर्मा और सीबीआई आफिसर उसके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। उसने अपना इंस्टाग्राम अकाउण्ट डिलीट कर दिया। रवि शर्मा एवं सीबीआई आफिसर बन कर उसके साथ धोखाधड़ी कर कुल 27 हजार रूपये का गबन किया है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी रवि शर्मा एवं एक अन्य के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## हाईकोर्ट का अहम फैसला

# एक दशक से अधिक से कार्यरत संविदा कर्मचारी वर्गीकरण और परिणामी लाभों के हकदार

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने राज्य में 16 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कई संविदा कर्मचारियों को राहत देते हुए कहा कि अनुबंध,आउटसोर्स और अंशकालिक आधार पर लगे कर्मचारी वर्गीकरण और परिणामी लाभों के हकदार हैं यदि वे लगातार एक दशक से अधिक समय से कार्यरत हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने श्रमिकों द्वारा दायर याचिकाओं को यह कहते हुए स्वीकार कर लिया कि ऐसे कर्मचारी आर्थिक न्याय और सभ्य जीवन स्तर के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को नीति के तहत वर्गीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए। उनके पदों के अनुरूप न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की ओर से याचिकाएं दायर की गई । तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ताओं को 7 जुलाई, 2009 के एक आदेश द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था। परिणामस्वरूप, उनके नियुक्ति आदेश 30 जुलाई, 2009 को जारी किए गए थे।इसके बाद, याचिकाकर्ताओं की सेवाएं उक्त विभाग द्वारा जारी रखी गईं, और वे अभी भी वहां काम कर रहे हैं।कोर्ट



को बताया गया कि कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को स्थायी के रूप में वर्गीकृत करने और उन्हें उनके पदों के लिए स्वीकार्य न्यूनतम वेतनमान देने की नीति बनाई है। दावा किया कि उक्त लाभ उन्हें भी दिया जा सकता है। नियमितीकरण में भेदभावहै संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ताओं को नीति के तहत वर्गीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए । उनके पदों के अनुरूप न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने याचिकाओं को स्वीकार कर लिया और अधिकारियों को 2016 की नीति के तहत याचिकाकर्ताओं को वर्गीकृत करने और सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

## नर्सिंग ऑफिसर भर्ती प्रक्रिया में 10 पुरुष याचिकाकर्ताओं को शामिल करने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली भर्ती में 10 पुरुष याचिकाकर्ताओं को आवेदन करने तथा भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि इन याचिकाकर्ताओं के परिणाम याचिका में पारित अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।कोर्ट ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग व मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। जबलपुर निवासी संतोष कुमार लोधी सहित अन्य ने 800 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। बुधवार को सुनवाई कर याचिकाकर्ताओं की ओर अधिवक्ता विशाल बघेल ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारी चयन मंडल के विज्ञापन (नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा-2026) में नर्सिंग ऑफिसर के पदों को 100% केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया है।इससे योग्य पुरुष अभ्यर्थी आवेदन करने से पूरी तरह वंचित हो गए हैं । तर्क दिया गया कि मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2023' के तहत नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए कोई लिंग-आधारित प्रतिबंध नहीं है । मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन में किया गया यह प्रावधान वैधानिक नियमों के विपरीत है। पुरुष और महिला दोनों एक ही पाठ्यक्रम (बीएससी नर्सिंग या जीएनएम )पढ़ते हैं और उनके पास समान योग्यता व पंजीकरण होता है । केवल लिंग के आधार पर सार्वजनिक रोजगार से पूर्णतः बाहर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है। मांग की गई है कि विज्ञापन के उस हिस्से को निरस्त किया जाए जो 100% पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित करता है।

**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित ईएसबी को नोटिस जारी कर मांगा जबाब**

## श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई



**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में सार्वजनिक विशाल श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा 15 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित कथा में जिसमें आज प्रथम दिवस विशाल भव्य कलश यात्रा बैंड बजाओ एवं मातृशक्तियों के साथ पीले वस्त्र धारण एवं कलश रखे तिकोना गार्डन, एसबीआई कॉलोनी, जबलपुर से प्रारंभ होकर काली हनुमान मंदिर, पिपलेश्वर मंदिर, समता कॉलोनी जानकी नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची कथा व्यास पंडित अतुल शास्त्री जी ने मुख्य यजमानों से पूजन अर्चन आरती कर कथा प्रारंभ की इस मौके पर डॉ.अरुण मिश्रा कथा में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजन अर्चन कर कथा व्यास शास्त्री जी को माल्यार्पण कर स्वागत किया। आयोजकों ने डॉ.अरुण मिश्रा का सम्मान किया। आज की कथा में कथा का महात्म्य बताया तत्पश्चात आज का समापन कर आरती सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्र के अनेकों गणमान्यों एवं श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति की अध्यक्ष ललिता दीदी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### भीषण गर्मी से जनजीवन के हाल बेहाल

## धूप में चहकने लगा बदन

**जबलपुर।** पारा दिन पर दिन उछाल ले रहा है। अभी बुधवार को 39.09 डिग्री के करीब में रहा। लेकिन धूप इस कदर तपी की लोगों के बदन चहकने लगे। सुबह से ही भीषण गर्मी का प्रकोप था। मई जून सरीकी गर्मी अप्रैल में पड़ रही है। चिलचिलताती धूप और भीषण गर्मी से जनजीवन के हाल बेहाल हैं। दोपहर 1 बजे के बाद सूर्य की तपन असहनीय हो जाती है। सूर्यास्त के बाद तक सूरज की तपन बनी रहती है। किसी तरह से शाम ढलने के बाद लोगों को सुकून धूप से मिलता है, लेकिन गर्मी बनी रहती है। दिन में कूलर पंखे भी काम नहीं आ रहे हैं। शुष्क मौसम की वजह से हवाओं की नमी भी घट गई है, जिससे गर्मी उग्र रूप दिखा रही है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मौसम पूरी तरह से साफ है। शुष्क मौसम की वजह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। अभी मौसम के मिजाज यूं ही बने रहेंगे। तापमान अभी और ऊपर जा सकता है। बहरहाल पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 34 प्रतिशत और सायंकाल 12 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.48 बजे और सूर्यास्त शाम ६.31 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 43.6 डिग्री तापमान गिरवर (शाजापुर) जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# हाईवे पर नो-पार्किंग में खड़े भारी वाहनों पर सख्ती

▶ एनएच-34 पर 13 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, एनएचएआई के साथ यातायात पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की कवायद

हरिभूमि, जबलपुर।

हाईवे पर नो-पार्किंग में खड़े भारी वाहनों के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं और जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जबलपुर पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर यातायात पुलिस ने एनएचएआई की टीम के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर विशेष अभियान चलाया, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के तहत अधंमुख और लम्हेटा बाईपास क्षेत्र में संयुक्त टीम ने निरीक्षण करते हुए सड़क किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े भारी वाहनों की जांच की। इस दौरान करीब 13 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई और उन्हें तत्काल मौके से हटवाया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अवैध पार्किंग से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।



### दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की पहल

यातायात पुलिस के मुताबिक हाईवे पर खड़े भारी वाहन अक्सर हादसों की बड़ी वजह बनते हैं। विशेषकर रात के समय दृश्यता कम होने पर ये वाहन अन्य चालकों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है, ताकि सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके।

### संयुक्त टीम की कार्रवाई जारी रहेगी

एएसपी यातायात अंजना तिवारी के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में यातायात थाना गढ़ा प्रभारी इंद्रा ठाकुर, सूबेदार मनीष पयासी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं ने शोकसभा के स्थान पर भावांजलि का निर्णय लिया

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ ने दिवंगत अधिवक्ता बृजेश वर्मा की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए जिला अदालत में शोकसभा का आयोजन नहीं किया। ऐसा इसलिए ताकि न्यायिक कार्य का कीमती समय खराब न हो। वकीलों ने वैकल्पिक रूप से स्व. जमुना प्रसाद अग्रवाल सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा व जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा की उपस्थिति में भावांजली सभा का आयोजन किया। इस दौरान जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने घोषणा की कि उनकी मृत्यु पर भी शोकसभा आयोजित न की जाए। इस दौरान जिला बार सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, लायब्रेरी सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण, गुम बच्चों की दस्तयाबी और महिला अपराधों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन और महिला सुरक्षा पर बरतें गंभीरता : डीआईजी

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अतुल सिंह ने मंगलवार को कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की उपस्थिति में एएसपी आयुष गुप्ता, एएसपी जितेंद्र सिंह, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी अंजना तिवारी, एएसपी पल्लवी शुक्ला समेत जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।




### निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

डीआईजी ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की स्वयं निगरानी करें और शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराना अनिवार्य होगा।

### कैंप लगाकर करें सुनवाई

निर्देश दिए गए कि राजपत्रित अधिकारी अपने-अपने अनुभाग के थानों में कैंप लगाकर लंबित शिकायतों की सुनवाई करें और मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही जनसुनवाई और वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता में लिया जाए।

### गुम बच्चों की तलाश में तेजी

डीआईजी ने धारा 363 भादवि एवं बीएनएस के लंबित प्रकरणों में गुम अवयस्क बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिले से बाहर होने की स्थिति में तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

### महिला अपराधों में संवेदनशीलता जरूरी

महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर, आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और विवेचना पूर्ण कर जल्द चालान पेश किया जाए। महिला शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। 'ऊर्जा डेस्क' को करें मजबूत- डीआईजी ने 'ऊर्जा हेल्प डेस्क' को सक्रिय बनाते हुए महिलाओं तक पहुंच बढ़ाने, बैठकें आयोजित करने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

### पहले ही दिन हंगामे में गुजरा निगम सत्र

# बजट को छोड़कर सब पर चर्चा

**जबलपुर।** शहर विकास के लिए अहम नगर निगम के बजट सत्र का पहला दिन हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप में गुजर गया। जिन मुद्दों पर चर्चा होनी थी, वे पीछे छूट गए और सदन में सत्ता व विपक्ष एक-दूसरे पर निशाना साधते रहे। बैठक की शुरुआत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के अभिभाषण से हुई। अपने बजट भाषण में उन्होंने शेरो-शायरी के अंदाज में शहर के विकास कार्यों का जिक्र किया। महापौर ने कहा कि उन्होंने सभी पार्षदों के वार्ड में बिना भेदभाव काम कराए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष के वार्ड में भी स्मार्ट सिटी के तहत करोड़ों रुपये के कार्य हुए हैं। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर निगम की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया।




विपक्ष को जब बोलने का मौका मिला तो नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने तीखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन दिन चलने वाली आम सभा की बैठक को एक दिन में ही समाप्त कर दिया गया। उनका कहना था कि वे लगातार बैठक बुलाने की मांग करते रहे, लेकिन उनकी बातों को अनदेखा किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कई विकास कार्य बिना सदन में चर्चा के शुरू कर दिए जाते हैं। बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होती रही। कई बार माहौल इतना गरमा गया कि मूल बजट प्रस्तावों पर चर्चा पीछे छूट गई। शहर के लिए महत्वपूर्ण बजट सत्र का पहला दिन विकास योजनाओं पर ठोस चर्चा के बजाय राजनीतिक बयानबाजी में ही निकल गया।

### विपक्ष का बहिर्गमन निंदनीय : महापौर

**जबलपुर।** नगर निगम सदन की बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर विकास को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बजट पेश होते ही विपक्ष द्वारा सदन से बहिर्गमन करना घोर निंदनीय है।



महापौर ने बताया कि शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं। करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से शहर में नाला-नालियों और सड़कों का जाल बिछाया गया है। 100 करोड़ रुपये से उद्यानों का कायाकल्प किया गया है। वहीं 50 करोड़ रुपये जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने और 20 करोड़ रुपये प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 1,000 करोड़ रुपये के विकास कार्य शहर में तेजी से चल रहे हैं। स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में जबलपुर ने देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। शहर को स्वच्छता में देश में पांचवां स्थान और बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए दूसरा स्थान मिला है। महापौर ने यह भी बताया कि नगर निगम ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में रिकॉर्ड राजस्व वसूली की है। आगामी डेढ़ वर्ष में शहर के विकास के लिए 3,000 करोड़ रुपये के नए कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

## बाईक की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत बकरा मंडी भानतलैया में एक बाईक ने एक अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने वाला बाईक चालक भी घायल हो गया है जिसे आसपास के लोगों ने पकड़ लिया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बकरा मंडी भानतलैया हनुमानताल में लेमा गार्डन गोहलपुर निवासी अदनान काजी की जावा मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 वाईएफ 2910 से रात 8 बजे अज्ञात व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया था, जिससे वह व्यक्ति घायल हो गया था। सूचना पर 108 एंबुलेंस चालक अमर पटेल मौके पर पहुंचा और घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टर ने चैक कर अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई गई है। बताया गया है कि घटना के वक्त आसपास के लोगों ने आरोपी अदनान काजी को पकड़ लिया। एक्सीडेंट के दौरान अदनान काजी को भी आंख में चोटें आई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गौरीघाट में 'भिक्षुक मुक्त अभियान' की बड़ी सफलता

**जबलपुर।** मां नर्मदा तट गौरीघाट को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए चलाए जा रहे 'भिक्षुक मुक्त अभियान' के तहत नगर निगम को बड़ी सफलता मिली है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम और समाज कल्याण विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 भिक्षुकों को उनके गृह नगर वापस भेजा। अभियान के दौरान बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष संवेदनशीलता दिखाई गई।



उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला, जो बोलने में असमर्थ थीं, उन्हें सुरक्षित रूप से वृद्धाश्रम पहुंचाया गया। दो अन्य वृद्ध एवं दिव्यांग महिलाओं को भी वृद्धाश्रम भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है, ताकि उन्हें बेहतर देखभाल और उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग और समझाइश के बाद कई भिक्षुकों ने अपने घर लौटने की इच्छा जताई। इनमें गिरानी लाल कोल, शालनी रागनी वंशकार, विष्णु चौबे, दयाशंकर वर्मा, बाबूलाल भील, नाथूलाल प्रजापति और रमा चौधरी सहित अन्य लोग शामिल हैं। जिन भिक्षुकों का कोई सहारा नहीं था या जिन्हें तत्काल सहायता की जरूरत थी, उन्हें आश्रय स्थलों में भेजा गया है। अनीता सोनी और गुलाब नारायण गुप्ता को शेल्टर होम में रखा गया है, जबकि आशा बाई को वृद्धाश्रम में स्थानांतरित किया गया है। नगर निगम की इस पहल से श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है। निगम का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल घाट से भीड़ कम करना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन देना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

# सिहोरा सांदीपनि स्कूल की छात्रा ने प्रदेश में पाया चौथा स्थान

## किसान के बेटी रश्मि गडारी ने बढ़ाया जिले का गौरव





**सिहोरा।** बुधवार को घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के हायर सेकंडरी एंव हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में प्रदेश की मैरिट सूची में सांदीपनि स्कूल पंडित विष्णु दत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा दसवीं की छात्रा रश्मि गडारी ने प्रदेश की मैरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर 500 में से 496 अंक प्राप्त कर कुल 99.2 प्रतिशत अंक हांसिल कर स्कूल के साथ नगर को गौरवान्वित कर बता दिया की शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र भी पढ़ाई के दम पर मैरिट में आ सकते हैं। यह पहला अवसर है जब इस विद्यालय की किसी छात्रा ने प्रदेश में परचम फहराया है।

### भविष्य में टीचर बनना चाहती है रश्मि

सांदीपनि स्कूल की छात्रा पिता विरन गडारी माता माया गडारी गौरहा भिटोनी की सुपुत्री रश्मि गडारी ने बताया कि वह आगे गणित लेकर पढ़ेगी तथा भविष्य में टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाना चाहती है। यह सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने घर पर ही छः से सात घंटे पढ़ाई की आगे बताया उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए किया। पिता किसान है और माता हाउस वाइफ है सभी ने पढ़ने में उनका सहयोग किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मम्मी पापा बहन के साथ प्राचार्य अशोक उपाध्याय सहित सभी स्कूल स्टाफ को दिया है। जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और सहयोग किया। छात्रा की इस सफलता से स्कूल में जश्न का माहौल है और सभी ने ढोल नगाड़ों के साथ नांचकर खुशियां मनाई तथा बिटिया को विकास खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे,प्राचार्य सांदीपनि अशोक उपाध्याय ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इस साल मैरिट में नगर के सारे नीजि स्कूल पीछे छूट गये और शासकीय स्कूल में पढ़ने वाली गरीब परिवार से आने वाली छोटे से गांव की एक बिटिया ने पूरे जिले में सांदीपनि विद्यालय सिहोरा का नाम रोशन कर दिया।



## एपीएन हाईस्कूल के छात्र देवयांक ने किया नाम रोशन

**छात्र- देवयांक सुखदान**
पिता - राकेश सुखदान
माता - अनीता सुखदान
अंक - 436/500
प्रतिशत - 87%

**जबलपुर।** एपीएन हाई स्कूल में अध्यनरत छात्र देवयांक सुखदान ने मप्र हायर सकेण्डरी 12वीं कक्षा में 436/500 अंक प्राप्त कर 87 प्रतिशत के साथ शाला व प्रदेश को गौरवान्वित किया है। पिता राकेश सुखदान व माता अनीता सुखदान, गुरूजनों व उनके मित्रों ने देवयांक सुखदान के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## एमएस फैशन सिलाई सेंटर में मनाई डॉ. आम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** रामपुर न्यू बृजमोहन नगर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास से 14 अप्रेल को मनाई गई। इस अवसर पर सभी शिव सैनिकों ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शेषमणि पटेल, बाबूराम तिवारी, घनश्याम राठौर, संतोष, संजय, राकेश महावर, श्याम, शशि सिंगरौटे, वंदना, रश्मि, पूनम, यशोदा, रेनु सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## अब वेटरनरी यूनिवर्सिटी से कृषि विज्ञान केन्द्र छिना

### पूर्व में डेयरी साइंस कॉलेज छीना गया

**जबलपुर।** वेटरनरी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत विदिशा में स्थापित होने वाले केवीके कृषि विज्ञान केन्द्र को उससे छीनकर भोपाल में आईसीएआर की संस्था को प्रदान किया गया है। पिछले छह वर्ष पूर्व इस यूनिवर्सिटी में ग्राम इमलिया में डेयरी साइंस कॉलेज खोलने हेतु भूमि तथा बजट आवंटित किया गया था, लेकिन अब उसे जबलपुर से छीनकर उज्जैन में स्थापित किया गया है। यह जबलपुर के वेटरनरी यूनिवर्सिटी के साथ अन्याय है। इसका विरोध कर जनसंगठनों ने मप्र शासन के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि समूचे भारत में जबलपुर वेटरनरी यूनिवर्सिटी ही एक मात्र विश्वविद्यालय है, जहां उसके पास एक भी केवीके नहीं है, जबकि इस विश्वविद्यालय के स्थापना को अब 15 वर्ष बीत चुके हैं।वेटरनरी यूनिवर्सिटी से संस्थाएं छीनकर उन्हें उज्जैन तथा भोपाल में स्थापित करने से जबलपुर वेटरनरी यूनिवर्सिटी के विखंडन की आशंका निर्मित हो रही है। जनसंगठनों ने आंदोलन करने का निर्णय लेकर विरोध दर्शाना तय किया है।

## ए.पी.एन. स्कूल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्ररी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं हाई स्कूल एवं कक्षा 12वीं हायर सेकेण्ड्ररी स्कूल का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें हायर सेकेण्ड्ररी में अनुज दुबे बायो समूह में 93.4 %, स्पर्श परयानी बायो समूह 92.2%, दिव्यांश यादव बायो समूह 89.8 %, विश्वेष परांजपे गणित समूह 89.6%, रीतिका कुमारी बायो समूह 89.4%, रूचित हिरानी गणित समूह 88.8% एवं क्षितिज खण्डेवाल गणित समूह 88.8% अंक प्राप्त किये। इसी तरह हाई स्कूल कक्षा 10वीं में लक्ष्मी बर्मन ने 86.8%, तपस्वी राजपूत 86%, रीत जैसवाल 85.6%, उदय लोधी 81.8%, अवनी विश्वकर्मा 81% नेन्सी राजपूत 80.8% अंक प्राप्त किये।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन कार्य कराया जाता है, जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रोशन किया। शाला के प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, उप-प्राचार्या मनु श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा : बरकडे

## सिहोरा में हितग्राही सम्मेलन का आयोजन

**सिहोरा।** भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर का जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है तथा उनके विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं उक्ताशय के विचार संतोष बरकडे विधायक सिहोरा ने नगर पालिका, जनपद पंचायत के तत्वावधान में कुररिया शाला बाबाताल के पास आयोजित हितग्राही सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। आयोजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता,उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह,पार्षद रीता शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।सभी अतिथियों का स्वागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने किया।



### हितग्राहियों को लाभ वितरित

सम्मेलन में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना,पीएम स्वनिधि योजना,मुख्यमंत्री संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरित किए गए। साथ ही छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं साइकिल वितरण भी की गई ।इस अवसर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण स्टॉल लगाया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों,आंगनवाड़ी ,आशा कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य,कविता पाठ एवं नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। आभार व्यक्त सीएमओ जयश्री चौहान ने किया । इस अवसर पर एसडीएम ज्योति परस्ते,सीएमओ जयश्री चौहान, नगर पालिका से सुशील वर्मा,मनोज खंपरिया कल्पना दीक्षित,मयंक जैन,अमर चौहान,अयूब खान,देवी साहू,संतोष तिवारी,इम्तियाज खान,रवि बर्मन के साथ अनेक गणमान्य नागरिक,शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एंव जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शंत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई गई

**सिहोरा।** शंत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती पर वार्ड 11 स्थित सामुदायिक भवन में नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे के मुख्य आतिथ्य एंव सेन समाज के अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सबसे पहले सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ ही समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में समाज के 70 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। अंत में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर सेन समाज के उपाध्यक्ष भारत श्रीवास,रुपेश श्रीवास,किशन श्रीवास,संतोष श्रीवास,बिट्टू सेन,आकाश सेन, वरिष्ठ रामप्रसाद श्रीवास,मिलन श्रीवास,सुरेश श्रीवास,किशन श्रीवास,राजू सेन,प्यारेलाल श्रीवास, बमचक सेन,महाजन श्रीवास,संजय श्रीवास, शिवकुमार,दुर्गेश,शंकर श्रीवास,अनिल श्रीवास, भैया लाल,अनुज,विनीत आदि उपस्थित थे।

## एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।विद्यालय के छात्र खुशी सुथार ने 89.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया, वहीं दूसरे विद्यार्थी ह्रदय राज ने 85.80% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। दोनों विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन कार्य करवाया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य करण खुराना ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।



Khushi Suthar
Percentage- 89.60%



Hriday Raj
Percentage- 85.80%



## ग्राम हिनोतियां में भीम संकल्पों के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती

**जबलपुर।** ग्राम हिनोतियां में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने तथा शिक्षा, सामाजिक एकता और समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ग्राम के प्रथम मुखिया भैयालाल पालीवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सरपंच हेमराज बड़कड़े ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शुभचंद जैन एवं डॉ. मनोज साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में दौलत राजोरिया, शंकरलाल बिंडवार, लाखन सिंह असैया सहित अनेक समाजसेवी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रेवाराम असैया द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए समाज में समानता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

## छवि चौहान ने बढ़ाया नगर का गौरव

### दसवीं में प्राप्त किए 94.8 प्रतिशत



**सिहोरा।** घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में नगर के सालेम स्कुल के छात्रा छवि चौहान ने 500 में से 474 अंक 94.8 प्रतिशत अंक हासिल करने के साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर नगर के साथ विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है । छवि नरेश चौहान,शिक्षक प्रीति चौहान की सुपुत्री है।

## कांग्रेस ने मनाई डॉ अंबेडकर की जयंती

**सिहोरा।** ब्लॉक तथा नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय खितौला में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने कहा डॉ अंबेडकर ने अपनी दूरदर्शी सोच के चलते आजाद देश में जात-पात,ऊच नीच के भेदभाव को मिटाने सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल,नगर अध्यक्ष पवन सोनी,एडवोकेट सुबोध पांडे,सुरेंद्र मिश्रा,प्रकाश कुररिया,कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे,जिला महासचिव अमोल चौरसिया,जितेंद्र तिवारी पार्षद कल्पना आलोक पांडे,ममता गोटिया, माधुरी गणेश दाहिया,रमेश पटेल,एम मंसूर,राजेश पटेल,शंकर वंशकार, रामलोचन कोल,सुदीप पांडे फैज आलम शाह,शेख साबिर,डॉ आर के यादव, मनीष खंपरिया,लाल बहादुर पाठक,गौस भाई आजाद,ओम नारायण श्रीवास्तव,साकेत पिड़िहा बिट्टू कुररिया,डब्बू पाठक,लियाकत खान,अजीत विश्वकर्मा रमेश बिरहा आदि उपस्थित थे।

# लाखों फूंककर भी नहीं मिल सकी सिहोरावासियों को पार्क की सौगात

## काया कल्प के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई से खिलवाड़

**सिहोरा।** नगरवासियों के बेहतर स्वास्थ के साथ बच्चों को मानसिक रुप से मजबूत एंव मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने वर्ष 2022 में वार्ड क्रमांक 9 एंव 11में पार्क निर्माण की घोषणा कर सत्ताधारी दल ने वाहवाही तो खुब लूटी लेकिन वर्षों गुजर जाने के बाद भी सौगात धरातल पर अस्तित्व में नहीं आ सकी। विदित हो वर्ष 2022 में वार्ड नं 9 में पार्क निर्माण के लिए चाहर दिवारी निर्माण का तात्कालीन विधायक नंदनी मरावी ने भूमी पूजन किया था नगर की पालक संस्था नगर पालिका ने नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर कार्य तो प्रारंभ किया लेकिन लम्बे अन्तराल के बाद ही पूर्ण हो सका फिर कायाकल्प अभियान के अन्तर्गत



सिहोरा- नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 9 में खितौला तिराहा के पास पार्क विकास निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका द्वारा विधायक संतोष बरकडे के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता एंव जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

### करीब 50 लाख की लागत से होना है निर्माण

14 मार्च 2024 में करीब 1 हेक्टेयर जमीन में 49.95 लाख की लागत से बनने वाले पार्क निर्माण भूमिपूजन के दो वर्ष से अधिक का समय गुजर जाने के बाद अधुरा पड़ा है।पार्क निर्माण को नगर के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए अपनी उपलब्धी में तो सत्ताधारी दल ने जोड़ दिया लेकिन आज दिंनाक तक लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।

### तीन लेवर के भरोसे चल रहा निर्माण कार्य

वर्तमान में लगभग आधा करोड़ के विकाश कार्य को अमलीजामा पहनाने मात्र तीन मजदूर कार्य कर रहे हैं।अकुशल नेत्रतत्व एंव नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य प्रणाली के चलते नगर पालिका के आधा दर्जन विकाश कार्य रेंग रहे हैं जिसके कारण शासन द्वारा की गई घोषणाओ का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## निधन

**श्री राजेंद्र सिंह परिहार-** गंगा दाल मिल, गोपालबाग निवासी श्री राजेंद्र सिंह परिहार का निधन हो गया। वे ठाकुर सुरेंद्र सिंह परिहार एवं आनंद सिंह परिहार के बड़े भ्राता थे। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास से प्रातः 10 बजे रानीताल मुक्तिधाम जायेगी।



**श्रीमती प्रभा देवी नौरिया-** कृपाल चौक निवासी स्व. होतीलाल नौरिया की पत्नी तथा एडवोकेट ज्योति नौरिया की माता श्रीमती प्रभा देवी नौरिया का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे उनके निवास से गुप्तेश्वर शमशानघाट जाएगी।



**श्री गोपाल स्वामी-** गली नं. 17, ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री गोपाल स्वामी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमता गोंटिया-** नई बस्ती कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री लक्ष्मी नारायण गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुमता गोंटिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पीयूष तिवारी-** न्यू शास्त्री नगर गढ़ा निवासी श्री संजय तिवारी के पुत्र श्री पीयूष तिवारी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुन्ना लाल चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आशीष कुमार बैनर्जी-** अग्रवाल कॉलोनी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री आशीष कुमार बैनर्जी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई जैन-** मिलौनीगंज निवासी श्री मिठाई लाल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई जैन (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संतोष कुमार केसरवानी-** गली नं. 7, सदर निवासी श्री संतोष कुमार केसरवानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परमानंद चौधरी-** द्वारका नगर सिंधी गुरुद्वारा के पास निवासी श्री परमानंद चौधरी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती-** वाटर वर्क्स रोड नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री शारदा की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवींद्र नाथ खोसला-** सुशीला परिसर गोहलपुर निवासी श्री रवींद्र नाथ खोसला (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जय प्रकाश यादव-** रिछाई व्हीकल निवासी श्री जय प्रकाश यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लता कोरी-** दुर्गा नगर छापर रामपुर निवासी श्री गोकुल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लता कोरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# शेयर बाजार से दूरी बना रहे निवेशक, 35 लाख ने एनएसई से तोड़ा नाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के लिए वित्त वर्ष 2026 आंकड़ों के लिहाज से काफी निराशाजनक रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने इस साल अपने एक्टिव निवेशकों की संख्या में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की है। पिछले तीन वर्षों में यह पहली बार है जब निवेशकों की संख्या बढ़ने के बजाय घटी है, और यह गिरावट अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, एक्टिव निवेशकों का आंकड़ा 7 प्रतिशत तक गिर गया है। वित्त वर्ष 2025 में एक्टिव अकाउंट्स की संख्या 4.92 करोड़ थी, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर 4.58 करोड़ रह गई है। कुल गिरावट का 70 प्रतिशत हिस्सा यानी करीब 26 लाख अकाउंट्स केवल तीन बड़े डिस्काउंट ब्रोकर्स जेरोधा, एंजेल वन और अपस्टॉक्स के खाते से कम हुए है।

## निवेशकों ने किया गोल्ड की और रुख

कोविड महामारी और उसके बाद का दौर ऐसा था कि शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। लेकिन अब पिछले एक साल से सेंसेक्स और निफ्टी उम्मीद के अनुसार नहीं चढ़ पाया। साल 2025 के दौरान सोने में जबरदस्त तेजी देखी गई और निवेशकों ने शेयर बाजार से पैसा निकालकर गोल्ड में लगा दिया। यूक्रेन जंग के डेढ़ महीने पहले जब अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग शुरू हुई तो सेंसेक्स और नफ्टी गिरकर रिकॉर्ड लो लेवल पर आ गया। गिरावट से गुजर रहे बाजार से कुछ निवेशकों ने पिछले एक साल के दौरान मुंह मोड़ लिया।

## अलग-अलग प्लेटफॉर्म को हुआ नुकसान

35 लाख एक्टवि इन्वेस्टर के अलग होने का नुकसान दूसरे प्लेटफॉर्म को भी हुआ है। मिराई एसेट कैपिटल मार्केट ने करीब 2.72 लाख अकाउंट खोए। जबकि एचडीएफसी सिक्यूरिटी और शेयरखान को करीब सवा-सवा लाख खातों का नुकसान हुआ है। मोतीलाल ओसवाल को 1.13 लाख, कोटक सक्यिोरटीज ने 1.1 लाख और 5पैसा कैपिटल ने 90,000 से ज्यादा एक्टिव निवेशक खोए हैं।

## गिरावट का कारण क्या है?

बाजार से जुड़े जानकारों का मानना है कि कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। डेरिवेटिव्स (फ्यूचर्स और ऑप्शंस) सेगमेंट में उठाए गए कदम, बाजार में बढ़ रही अस्थिरता और कम एक्टवि रिटेल निवेशकों का बाहर जाना अहम कारण है। कई छोटे नविशक बाजार के उतार-चढ़ाव को देखकर भी ट्रेडिंग छोड़ रहे हैं।

### थोक महंगाई उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई

# ईंधन की कीमतों में उछाल से मार्च में थोक मुद्रास्फीति 38 माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन, बिजली एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मुद्रास्फीति तीन साल से अधिक यानी 38 माह के उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी।

**महंगाई मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी**

प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के बीच मुख्य मुद्रास्फीति में तेजी आई। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें अंततः अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर डालेंगी, इसलिए आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति में और वृद्धि के आसार हैं।
थोक मुद्रास्फीति मार्च में वैश्विक जिंस कीमतों में वृद्धि और 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की शुरुआत के बाद से ऊर्जा कीमतों में आए झटके के प्रभाव को दर्शाती है।

## प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आई

### विनिर्माण और खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.13 प्रतिशत और मार्च, 2025 में 2.25 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, "...कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, 'मूल धातु', विनिर्माण और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।"




### विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर 2.92 फीसदी बढ़ी

डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, ईंधन व बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 1.05 प्रतिशत हो गई जबकि फरवरी में इसमें 3.78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। कच्चे पेट्रोलियम में मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 51.57 प्रतिशत हो गई जबकि पिछले महीने इसमें 1.29 प्रतिशत की गिरावट थी।

### ऊर्जा की कीमतों का असर जिंस पर पड़ेगा

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी बार्कलेज ने कहा, "वैश्विक ऊर्जा कीमतों के ऊंच स्तर पर बने रहने से धीरे-धीरे अन्य जिंस कीमतों पर असर पड़ता है। हमारा अनुमान है कि भविष्य में थोक महंगाई और बढ़ेगी।" खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर हालांकि मार्च में घटकर 1.90 प्रतिशत रह गई जो फरवरी में 2.19 प्रतिशत थी।

### सरकार ने कच्चे तेल का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल तथा डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी ताकि ईंधन खुदरा विक्रेता बढ़ी हुई कच्चे तेल की कीमतों का बोझ उपभोक्ताओं पर न डालें। उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में तेज एवं तीव्र वृद्धि के मद्देनजर की गई जो करीब 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर करीब 122 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी।

### खुदरा महंगाई में भी वृद्धि दर्ज

इससे पहले जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 3.21 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अपनी पहली द्वैमासिक मौद्रिक नीति पेश करते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा था।

खंड -1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक /2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Kapu Mitti | Cubic Meter | | 50000.00/- | 1000.00/- |
| 2 | Neem Khali | Quintal | | | |
| 3 | Bone Meal | Quintal | | | |
| 4 | Urea | Quintal | | | |
| 5 | D.A.P. | Quintal | | | |
| 6 | Gobar Khad | Cubic Meter | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 12.04.2026 बजे 10:00 AM से दिनांक 02.05.2026 बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 28.04.2026 समय 04:00 PM से 05:00 PM तक सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। 5. निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/ पोर्टल में देखी जा सकती है। 6. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं। 7. टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 8. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-11583/26 "स्वच्छता ही सेवा"

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर- 482001, फोन: 0761- 2480065 ई-मेल: dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501 शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :-

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा-संजीवनी नगर<br>उधारकर्ता - मेसर्स रुद्राक्ष रेस्टोरेंट<br>प्रो. श्री सुंदर लाल मेहरा | Rs.24,68,079.00 +plus interest theron @13.05 thereon @ contractual rate + w.e.f. 14.01.2025<br>Rs.300232/- plus interest theron @13.30 thereon @ contractual rate + w.e.f. 14.01.2025<br>Rs.19,04,856/- plus interest theron @10.95 thereon @ contractual rate + w.e.f. 14.01.2025 | निर्माण और उस पर बने सभी पुर्जों सहित संपत्ति का वह भाग जो निम्नलिखित पते पर स्थित है: 1. श्री सुंदर लाल मेहरा पुत्र भूपत सिंह मेहरा की संपत्ति, मौजा सगड़ा, NB253, पटवारी हल्का नं.- 33/07, आरएनएम पूर्वा जबलपुर-1, डायवर्टेड खसरा संख्या- 43/4, त्रिपुरी वार्ड, गढ़ा रेलवे स्टेशन के पास, तहसील- गोरखपुर, जिला- जबलपुर, क्षेत्रफल 1680 वर्ग फुट जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर- विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण- बलविंदर सिंह और मनजीत सिंह का प्लॉट, पूर्व- रेलवे भूमि, पश्चिम- सड़क | 15.01.2025<br>10.04.2026 Physical |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।


दिनांक: 16.04.2026 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

## सेसेंक्स में 1,264 और निफ्टी में 389 अंक का उछाल

# अमेरिका-ईरान वार्ता बहाल होने की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,422.85 अंक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध 'समाप्ति के करीब' है और दोनों देशों के बीच वार्ता फिर शुरू होने की संभावना है।




### एशियाई बाजार बढ़कर बंद

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

अमेरिका और ईरान के बीच नए कूटनीतिक प्रयासों की उम्मीद के बीच बुधवार को शेयर बाजार में जोरदार तेजी आई जिससे निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

### मुथूट फाइनेंस जल्द बीमा कारोबार में उतरेगी

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस ने जीवन एवं साधारण बीमा दोनों क्षेत्रों में बीमा वितरण कारोबार में प्रवेश के लिए बुधवार को शेयरधारकों की मंजूरी मांगी। डाक मतपत्र नोटिस में, मुथूट फाइनेंस ने कंपनी के संविधान में बदलाव करने और इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप बनाने के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति मांगी है। मुथूट फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मंजूरी " कॉरपोरेट एजेंट या बीमा मध्यस्थ के रूप में व्यवसाय तथा गतिविधियों को संचालित और करने के लिए मांगी जा रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंडीदीप, जिला रायसेन**

दूरभाष एवं फैक्स नंबर 07480-407022, Email : cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र. /302/ न.पा.प. / 2026 मंडीदीप, दिनांक 15/04/2026

// ई- निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा अमांत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_ UAD_ 499887_1 | CONSTRUCTION OF VEGETABEL MARKET (SABJI MANDI) AT WARD NO. 11 MANDIDEEP | 1,02,61,081 | 51,310 | 12,500 | 15 May 2026 05.30 PM |
| 2 | 2026_ UAD_ 499911_1 | DEVELOPMENT AND BEAUTIFICATION WORK AT UNDER BRIDGE SATLAPUR SQUARE WARD NO. 13 MANDIDEEP | 27,78,346 | 20,840 | 5,000 | 14 May 2026 05.30 PM |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मंडीदीप
डॉ. प्रशांत जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद मंडीदीप

## समझौते में बदलाव पर होगी चर्चा

# व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकार वाशिंगटन में 20 अप्रैल से दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर तीन दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां कहा कि फरवरी में अंतिम रूप दिए गए समझौते को अमेरिकी शुल्क ढांचे में हुए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। इसके साथ ही अग्रवाल ने कहा कि इस व्यापार समझौते पर आगे चर्चा की जरूरत है।

अग्रवाल ने कहा, ''मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व में भारतीय दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका का दौरा करेगा। वार्ता दल लगभग तीन-चार महीनों के बाद व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। हम समझौते के कानूनी ढांचे को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जो सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान का अगला तार्किक कदम है।'' वाणिज्य सचिव ने कहा कि पिछले महीने अमेरिका द्वारा भारत सहित कई देशों के खिलाफ 'धारा 301' के तहत शुरू की गई दो जांचों पर भी इस बैठक में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, ''दोनों पक्ष साथ बैठेंगे और चर्चा करेंगे कि इन मुद्दों को कैसे संबोधित करने की जरूरत है। भारत और अमेरिका समय-सीमा और अगले कदमों को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे।'' दोनों देशों के व्यापार अधिकारियों के बीच यह द्विपक्षीय बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं।

### शुल्क संरचना लागू होने के बाद ही किए जाएंगे हस्ताक्षर

आधिकारिक सूत्रों ने पहले कहा था कि इस समझौते पर अब अमेरिका की नई वैश्विक शुल्क संरचना लागू होने के बाद ही हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा फरवरी में की थी। उस रूपरेखा के अनुसार अमेरिका, भारत पर शुल्क को 18 प्रतिशत तक घटाने पर सहमत हुआ था।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : mpstdc.com
क्रमांक : 162/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 15.04.2026

**निविदा सूचना 142/2026_STDC_500623_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:- मंदाकिनी रिसोर्ट चित्रकूट, जिला सतना में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, टॉयलेट रिनोवेशन, रिसेप्शन में फर्निशिंग, सिलिंग एवं अन्य सिविल कार्य आंतरिक विद्युतीकरण सहित। (08 माह) कार्य की लागत राशि रुपये 171.39 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125340/2026 कार्यपालन यंत्री

**कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नरसिंहपुर**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नरसिंहपुर को मासिक तथा किलोमीटर के आधार पर किराये की टेक्सी लेने के लिये निविदा**

कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नरसिंहपुर हेतु चार पहिया वाहन (जीप) अधिकतम एक्स शोरूम कीमत रुपए 7.00 लाख होगी व टैक्सी परमिट हो, के लिए इच्छुक ट्रेवल्स एजेन्सीयों से निर्धारित निविदा प्रपत्र पर दिनांक 16/04/2026 से दिनांक 23/04/2026 तक सांय 03:00 बजे तक सील बंद लिफाफे में निविदा प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते है। शेष शर्तें वित्त विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक एफ 11-2/2025/नियम/चार भोपाल, दिनांक 02 मई 2025 के तहत लागू होगी।

निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार कोई नहीं किया जावेगा, निविदा दिनांक 23/04/2026 को सांय 05:00 बजे के पश्चात खोली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूरा अधिकार महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नरसिंहपुर का होगा। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 16/04/2026 से दिनांक 23/04/2026 तक सांय 03:00 बजे तक 500/- चालान के माध्यम (0851-00-101) में जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्तें का अवलोकन कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

महाप्रबंधक,
G-11574/26 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, प नरसिंहपुर

**जिला कार्यालय जबलपुर (म.प्र.)**
क्रमांक JBPLP14012616187/दिनांक/15/APR/2026

क्र./1977 दिनांक 14/APR/2026

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियों आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स - ARVINDAM BUILDERS द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-
(क) परियोजना का नाम:- ARVINDAM AASHIYANA
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Chhitapar तहसील Ranjhi व जिला Jabalpur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 176/1/1/1/2, 176/3/1/2, 178, 185 कुल रकबा 1,927 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL - PLOTTED DEVELOPMENT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन:-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED DEVELOPMENT
(घ) स्वीकृति क्रमांक JBPLP22062422891 दिनांक 2024-12-22
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/web/objection.aspx?RefApp=1Qpe4s8XMI1977 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौर तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला जबलपुर (म.प्र.)

**पश्चिम मध्य रेल**
प्रधान कार्यालय, कार्मिक विभाग, जबलपुर-482001
पत्र क्र. पमरे/का.मुख्या/राज./Engg.-Traffic/Re-engagement, दि. 27.03.2026

**अधिसूचना**

**सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों को पुनर्नियोजित करने का प्रावधान - गति शक्ति यूनिट हेतु भरे जाने वाले पद**

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2021/W-1/Genl/Gati Shakti/Pt(e-3397961) दिनांक 20.02.2023 के आलोक में GSU Unit जबलपुर एवं भोपाल में कार्यों के संचालन हेतु इंजीनियरिंग तथा परिचालन विभाग के लिए रेल सेवा से सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है-

| S. N. | Unit | Department | Requirement | No. Required |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GSU Unit/ BPL | Engineering | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| | | Traffic | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| 02 | GSU Unit/ JBP | Engineering | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| | | | Total | 03 |

उपरोक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। 65 वर्ष की आयु तक पुनर्नियोजन का प्रावधान है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 है।
इस सम्बन्ध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (https://wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध है।
अन्य किसी जानकारी/पूछताछ के लिए ई-मेल (dycpogwcr@gmail.com), Railway Phone No. 54737 पर संपर्क किया जा सकता है।

सहा. कार्मिक अधिकारी/राज.,
कृते प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# महंगाई पर नियंत्रण, जीडीपी ग्रोथ में संतुलन आवश्यक

खाड़ी देशों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मार्च में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) का 3.88% तक पहुंच जाना केवल एक सांख्यिकीय वृद्धि नहीं, बल्कि आने वाले समय की आर्थिक चुनौतियों का संकेत है। फरवरी के 2.13% के मुकाबले 1.75% की यह तेज बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि महंगाई का दबाव फिर से उभर रहा है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो गया है, जब यह आंकड़ा पिछले 38 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। थोक महंगाई दर को अक्सर भविष्य की खुदरा महंगाई का संकेतक माना जाता है। ऐसे में यह स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर विकास की रफ्तार को बनाए रखना तथा दूसरी ओर महंगाई पर नियंत्रण रखना, इन दोनों में संतुलन बेहद जरूरी है। बढ़ती महंगाई के पीछे प्रमुख कारणों में खाड़ी क्षेत्र का तनाव भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। कच्चा तेल, गैस और उर्वरकों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। जब इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है, तो वैश्विक बाजार में इन संसाधनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, जिसका सीधा असर लागत और महंगाई पर पड़ता है। हालांकि, इस चुनौती के बीच भारत के लिए अच्छी बात यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और मजबूत घरेलू मांग है। देश में उत्पादित वस्तुओं की खपत करने की क्षमता ही विकास के पहिए को निरंतर गति देती है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। इसके अलावा, भारत ने हाल के वर्षों में अपने आयात और निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय विविधिकरण किया है। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के तहत भारत ने अफ्रीका, यूरेशिया और अन्य उभरते बाजारों की ओर रुख किया है। इससे न केवल ज्वेलरी जैसे भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं, बल्कि ऊर्जा और उर्वरक जैसे आवश्यक संसाधनों के लिए वैकल्पिक स्रोत भी विकसित हुए हैं। यह रणनीति लंबे समय में भारत को वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक साबित हो सकती है। खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की बड़ी अस्थिरता का असर तुरंत वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका असर परिवहन, उत्पादन और अंततः हर उपभोक्ता वस्तु की कीमत पर पड़ता है। यही 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का सबसे बड़ा खतरा है। बता दें कि मार्च 2026 में 3.88% की वृद्धि का मुख्य कारण कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज वृद्धि है। इस अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगभग 45% और प्राकृतिक गैस में 69% तक का उछाल देखा गया। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होने और युद्ध बंद होने के बाद दोनों देशों ने दोबारा वार्ता शुरू करने और युद्ध नहीं करने की इच्छा जताई है। देर से ही सही, दोनों देश किसी न किसी अंतरिम समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। यह दुनिया को राहत देने वाला होगा। इससे तेल की कीमतों में नरमी आएगी और देश में तेल महंगा नहीं होगा। महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। खाड़ी तनाव के इस दौर में भारत के सामने चुनौती जरूर है, लेकिन उसकी आर्थिक नीतियों की मजबूती, विविधीकरण की रणनीति और घरेलू मांग की ताकत यह भरोसा भी दिलाती है कि देश इस परीक्षा से पार पा सकता है। जरूरत सिर्फ संतुलन, सतर्कता और सही दिशा में निरंतर प्रयास की है।

## तकनीक

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# सेमीकंडक्टर से विकास व एआई युद्ध क्षमता जरूरी

यकीनन इस समय अमेरिका, रूस और चीन जैसे देश तेज विकास के साथ आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस (एआई) युद्ध क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार उन्नत सेमीकंडक्टर (चिप्स) का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में इस समय जब भारत की सीमाएं खासतौर से पाकिस्तान और चीन से बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत को भी उन्नत सेमीकंडक्टर के उपयोग से दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने के साथ एआई युद्ध क्षमता सहित परमाणु सैन्य शक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। वस्तुतः ऐसा करना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन यह समय भारत के द्वारा इस चुनौती को अवसर में बदलने का समय है। यह महत्वपूर्ण है कि सेमीकंडक्टर चिप्स महज अर्थव्यवस्था के लिए विकास का आधार ही नहीं है, वरन् आधुनिकतम एआई हथियारों की रीढ़ भी है। ये चिप्स हथियारों को सटीक, तेज और स्मार्ट बनाती हैं, जिससे परांपरिक युद्ध अब डिजिटल युद्ध में बदल रहा है। गौरतलब है कि तेज विकास के साथ मजबूत एआई आधारित आधुनिक रक्षा क्षमता के मद्देनजर भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया। यहां प्रतिदिन लगभग 63 लाख चिप्स मॉडयूल्स की असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग होगी।

भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन की रफ्तार बढ़ रही है, वैसे-वैसे सेमीकंडक्टर की उपयोगिता बढ़ रही है। सेमीकंडक्टर उद्योग आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो स्मार्टफोन से लेकर कारों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तक हर चीज का आधार है। सेमीकंडक्टर की दुनिया में अक्सर कहा जाता रहा है कि तेल काला सोना है, लेकिन आज चिप डिजिटल हीरे के रूप में अहमियत प्राप्त कर रही है। जहां तेल ने पिछली सदी में तेल के कुओं वाले खासतौर से खाड़ी देशों को समृद्धि की चमक दी, वहीं वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव इस बात पर निर्भर करता रहा है कि तेल कुओं से कितना पेट्रोलियम निकाला गया। अब 21वीं सदी की शक्ति छोटी चिप में केंद्रित है। निसंदेह देश और दुनिया भर में सेमीकंडक्टर का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। फार्चुन बिजनेस इन साइट्स के मुताबिक वर्ष 2025 में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार करीब 755 अरब ड़ॉलर का है, जो तेजी से बढ़कर 2032 तक 2062 अरब डॉलर के स्तर पर होगा। भारत में सेमीकंडक्टर का बाजार 2025 में करीब 54 अरब डॉलर का था। अनुमान है कि साल 2030 तक यह 110 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। यदि हम दुनिया में सेमीकंडक्टर उद्योग के उत्पादन बाजार को देखें तो पाते हैं कि इस समय सेमीकंडक्टर या चिप उत्पादन प्रमुखतया ताइवान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, चीन, मलयेशिया और जापान जैसे कुछ देशों में केंद्रित है। ताइवान दुनिया के सबसे बड़े सेमीकंडक्टर निर्माताओं में से एक है, जो दुनिया के करीब 60 फीसदी से ज्यादा चिप्स का उत्पादन करता है। जबकि दक्षिण कोरिया अपने उन्नत चिप्स के उत्पादन के लिए जाना जाता है। देश भर में प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल के तहत सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जो भूमि, बिजली आपूर्ति, बंदरगाह और हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी और कुशल श्रमिकों के एक समूह तक पहुंच जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत की सेमीकंडक्टर सफलता की गाथा किसी एक कार्यक्षेत्र या किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। भारत एक व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, जिसमें डिज़ाइनिंग, निर्माण, पैकेजिंग और उच्च तकनीक वाले उपकरण, सभी देश के भीतर शामिल हैं। नोएडा और बेंगलुरु में विकसित किए जा रहे डिज़ाइन केंद्र दुनिया के कुछ सबसे उन्नत चिप पर काम कर रहे हैं, जो अरबों ट्रांजिस्टर संग्रहित करने में सक्षम हैं। ये चिप 21वीं सदी की व्यापक तकनीकों को शक्ति प्रदान करेंगे। उम्मीद करें कि इस समय जब भारत की सीमाएं बढ़ती भूराजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर पहले से अधिक असुरक्षित और संवेदनशील हो गई हैं, तब भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र की बहुआयामी चुनौतियों के समाधान के साथ उन्नत सेमीकंडक्टर से दुनिया की आर्थिक शक्ति और उन्नत एआई हथियारों सहित वैश्विक परमाणु सैन्य शक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी



## अधिनियम

नितिन नवीन

यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया।

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

**मुद्रा योजना**–महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**–घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला।

**सुकन्या समृद्धि योजना**- बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।

**मिशन इंद्रधनुष** – टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** – गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

**ट्रिपल तलाक** – मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली और उनका आत्मसम्मान व अधिकार मजबूत हुए।

**नल से जल** – घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ।

**लखपति दीदी** – महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। यह सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं।

यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में



महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है।

आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है। संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है।

यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी, जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों की जीत है। सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है, जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है। माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहूति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित

## दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं। आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित

## प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला- अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा- आप कौन हैं? सर्प ने कहा- अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुंचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा- भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा- कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज को जोड़ने की ताकत रखती है कला

प्रतिवर्ष 15 अप्रैल विश्व कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व कला दिवस हमें यह सिखाता है कि कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, समझने और बदलने की ताकत भी रखती है। कला ने विकास, क्रांति, स्वतंत्रता और रचनात्मकता के संदेशों को संप्रेषित करने और वैश्विक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला में वह ताकत है जो हमें जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट और संलग्न कर सकती है। कला केवल एक सुंदर चित्र या पेंटिंग मात्र ही नहीं है, बल्कि यह तो हमारे समाज की धड़कन है, स्थानीय और वैश्विक समुदायों में वे जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, उसका हृदय है। वास्तव में यह दिन कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का है।

*– रेखा वर्मा, अंबाला*

## ट्रेंड

### करुणा की भावना



तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान नहीं ले सकती। करुणा की भावना को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि यही आपको न केवल अच्छा डॉक्टर बनाती है, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति


### हादसे की जांच जरूरी



छत्तीसगढ़ स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भयावह हादसे की खबर बेहद दुखद है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। हमारे श्रमिक भाइयों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### संशोधन विधेयक



कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती रही है। हालांकि, एनडीए सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की तैयारी से स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### महिलाओं की सुरक्षा



भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सामूहिक बलात्कार की शिकार एक दलित लड़की ने न्याय न मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा की यही वास्तविकता है; बाकी सब दिखावा और झूठा प्रचार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया विधानसभा ने बैसाखी को दी मान्यता


कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ''कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। बैसाखी दीयां लख-लख बधाइयां।' प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है और इसे सिख इतिहास व सिख-अमेरिकियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस मानते हुए इस अवसर पर गहरा सम्मान व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें दुनिया भर के दक्षिण एशियाई समुदायों और प्रवासी भारतीयों के साथ इस उत्सव को मनाने वालों के प्रति सम्मान जताया गया। अमेरिका के कई नेताओं ने भी सिख समुदाय को बधाई दी।



## ऑफ बीट

# कैसे स्तनपायी युग समाप्त हुआ होगा

पिछले 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक 'सुपरकॉन्टिनेंट' के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहां पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर 'सुपरकॉन्टिनेंट' बनाएंगे जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा। अध्ययन के मुताबिक 'पैंजिया अल्टिमा' की परिस्थितियां अधिकतर स्तनधारियों के जीवित रहने के लिए विपरीत होंगी। इस 'सुपरकॉन्टिनेंट' के बनने से अधिक ज्वालामुखी गतिविधि होगी, और बूढ़ा होता सूर्य पृथ्वी पर अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगा। इसके परिणामस्वरूप भूमि की सतह का तापमान अत्यधिक हो जाएगा, जिससे महाद्वीप का अधिकांश भाग एक विशाल, गर्म रेगिस्तान में बदल जाएगा, जो विज्ञान-कल्पना महाकाव्य ड्यून के रेगिस्तानी ग्रह 'अराकिस' की याद दिलाता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने की शिरकत।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

# राष्ट्रहित सर्वोपरि, सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होकर करेंगे काम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब के सम्मान में उनकी स्मृति में कराया पंचतीर्थों का निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब डॉ. आंम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, अतुलनीय है। उन्होंने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के सम्मान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद सबके समक्ष भारतीय संविधान की मूल उद्देशिका का वाचन कर 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहे' के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। हमारी सरकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर लगातार काम कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में /"सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास/" के पथ पर आगे बढ़ते हुए बाबा साहेब के स्वप्न को साकार कर रहे हैं। देश सबसे पहले है, हम सब सामाजिक समरसता के लिए मिल-जुलकर, एकजुट प्रयास करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकारों ने हमेशा ही बाबा साहेब का सम्मान किया। भोपाल में उड़ान पुल बना, तो उसे हमने बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब की जन्मभूमि महू में भव्य स्मारक बनवाया।

## 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ेगी प्रदेश सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सहकारिता तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश के 10 लाख से अधिक किसानों को बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियों (बी-पैक्स) से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें ऋण, कृषि आदान, भंडारण और विपणन जैसी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल सकें। सहकारिता विभाग ने इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत आंबेडकर जयंती से पूरे प्रदेश में एक साथ की है। अभियान के तहत राज्य में संचालित 4500 से अधिक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में गैर-सदस्य किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सदस्य बनाया जाएगा। यह अभियान 15 मई तक चलेगा। दरअसल, प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान अभी भी बी-पैक्स से जुड़े नहीं हैं, जिसके कारण वे सहकारिता के जरिए मिलने वाली सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे किसानों को ध्यान में रखते हुए यह विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे उन्हें संस्थागत ऋण और अन्य सहकारी सेवाओं का फायदा मिल सके। बी-पैक्स ग्रामीण सहकारिता व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती हैं। इनके माध्यम से किसानों को अल्पकालीन और मध्यमकालीन ऋण आसानी से उपलब्ध होता है। इन ऋणों पर ब्याज दर अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में ब्याज अनुदान योजनाओं का भी लाभ मिलता है। इसके अलावा, किसानों को उर्वरक, बीज और कीटनाशक उचित दरों पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

## प्रधानमंत्री की ओर से लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला होगा साबित

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश भर की महिलाओं का तेजी से होगा सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21 वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है, और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।



नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

**विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में हुईं शामिल**

### यशोदा माता, पन्नाधाय, अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती उत्कृष्ट का व्यक्तित्व अमर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वतः ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गईं तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा।

### रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े

सीएम ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी।




नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री।

### विपक्षी दल करते हैं वंदेमातरम का अपमान

सीएम ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विपक्षी दल वंदेमातरम का अपमान कर रहे हैं। इसी प्रकार से राम मंदिर के समय भी समाज को बांटने की कोशिश हुई थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर दिया, तब भी विपक्षी दल की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। पीएम के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों को लागू करवाया।

# महू में जीतू पटवारी ने किया नमन, कहा संविधान की रक्षा के लिए बाबा साहेब सदैव देते रहेंगे प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पटवारी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली डॉ. आंबेडकर नगर (महू) पहुंचकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर पटवारी ने कहा कि बाबा साहब के विचार लोकतंत्र की मजबूती, समान अधिकार, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की भागीदारी और समानता का मार्ग ही बाबा साहब का सच्चा सपना था।

इसके पश्चात विधायक आतिफ अकील द्वारा आयोजित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भोपाल उत्तर विधानसभा के विधायक आतिफ अकील द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका अनावरण मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पटवारी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए रास्ते सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता पर चलने का संकल्प लें।



माल्यार्पण करते पीसीसी चीफ पटवारी।

## जिला कांग्रेस ने बाबा साहेब को किया नमन

# समानता और मानव अधिकारों के समर्थक थे बाबा साहेबः सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा साहेब की जयंती पर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में लिली टॉकीज चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित प्रतिमा पर भी कांग्रेसजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के विचारों को स्मरण किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब को किया नमन।

## आरोपी ने की थी चार लाख की मांग, दो लाख लिए थे एडवांस

# नौकरी का झांसा देकर दो लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नौकरी लगने के नाम पर दो की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर डोंगरगढ़ थाना पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई की हैं।

जहां आरोपी के द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में काउंसलर के पद पर नौकरी लगने का झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। पूरा मामला राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है जहां पीड़िता के द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई की नवंबर 2025 में आरोपी आशीष पुर्ती और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में काउंसलर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर चार लाख रुपए की मांग की गई थी, जिसमें से दो लाख एडवांस के रूप में लिया गया था, लेकिन आरोपी के द्वारा न तो नौकरी लगवाई गई और ना ही रकम वापस की गई। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की विवेचना के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष पुर्ती को गिरफ्तार किया है और गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया हैं। आरोपी के द्वारा नौकरी लगने के नाम पर दो लाख की ठगी की गई थी, जिस पर पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई की है और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।




## अंतरराज्यीय स्तर पर जुड़े हैं मामले के तार

# नशा मामले में फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में जनवरी में उजागर हुए बड़े नशा प्रकरण में पुलिस को अहम सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को छापेमार कार्रवाई के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह मामला 28 जनवरी की उस कार्रवाई से जुड़ा है, जब पुलिस ने मधु मिश्रा नामक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गांजा, प्रतिबंधित नाइट्रोसन टैबलेट, नगदी और अन्य सामग्री जब्त की थी। उस समय से ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी थी। टीम ने ओडिशा के कालाहांडी निवासी प्रणब कुमार नाइक और नुवापाड़ा निवासी सफीकुल रहमान को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## पावर प्लांट हादसाः 19 लोगों की मौत हुई थी, 26 हुए हैं घायल

# मृतकों के परिजनों को 35-35 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब प्लांट के भीतर बॉयलर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ।

हादसे में 19 मजदूरों की मौत हो गई है और 26 मजदूर घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। हादसे के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों से मिलने मौके पर प्लांट प्रबंधन सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। वेदांता प्रबंधन की ओर से मुआवजे का एलान किया गया है। जानकारी के मुताबिक, वेदांता प्रबंधन द्वारा हादसे के शिकार हुए मृतकों के परिजनों को 35-35 लाख रुपये और वहीं, गंभीर रूप से घायलों को 15 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा मृतकों के परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने का भी आश्वासन दिया गया है।

### *पीएम ने भी दो-दो लाख की मदद का किया एलान*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले में स्थित बिजली संयंत्र में हुई दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।*

## पॉली हाउस में रोज कट फ्लावर की खेती से लाभ

**कट फ्लावर प्लांट से रोजाना हजारों की कमाई**

# पहले हम करते थे पारंपरिक खेती, जब से फूल लगाए, आय के नए रास्ते खुले

▶▶ लक्ष्मीबाई कुशवाह, आंत्रप्रेन्योर



आज मैं एक सामान्य महिला से बिजनेस टायकून बन गई हूं। मेरा गांव राजधानी के पास ही बरखेड़ा बोंदर है। ये सब मेरी मेहनत और नवाचार का ही नतीजा है कि खेती आज मेरे लिए सबकुछ है। मैंने उद्यानिकी विभाग की सहायता से संरक्षित खेती अपनाकर न केवल अपनी आय में इजाफा किया है, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाएं और किसान भी मुझसे पूछते हैं और ये सब कैसे किया। शुरुआत में मुझे थोड़ा डर सा लगा था, लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी और राष्ट्रीय विकास परियोजना के तहत तीन हजार वर्गफीट क्षेत्र में पॉली हाउस का निर्माण कराया, जिसकी लागत 25 लाख 32 हजार रुपए आई। इसमें शासन ने 12 लाख 66 हजार रुपए का अनुदान दिया। इस पूरे बिजनेस की शुरुआत एक पॉलीहाउस से हुई और यह पहल आज तीन अलग-अलग पॉलीहाउस तक पहुंच गई है, जहां वे फूलों की विभिन्न किस्मों की खेती की जा रही है। इसके अलावा मेरे पास अब मशीनें भी हैं, जिनकी मदद से यह काम आसान हो गया है। आज स्थिति यह है कि यहां से रोजाना करीब तीन से चार हजार गुलाब के कट फ्लॉवर की सप्लाई की जा रही है, जिससे मुझे रोजाना 10 से 12 हजार रुपए की आमदनी होती है। वर्तमान में मेरे खेत में उगाए गए गुलाब भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश के अन्य शहरों के साथ-साथ अन्य राज्यों के महानगरों तक भेजे जा रहे हैं। इससे मेरी मासिक आय 3 से 4 लाख रुपए तक पहुंच गई है।

### रंग लाई 4 साल की मेहनत



पहले मेरा परिवार पारंपरिक खेती जैसे धान, सोयाबीन और गेहूं की खेती करता था, जिसमें लागत अधिक और मुनाफा कम मिलता था। इसके बाद वर्ष 2021-22 में मैंने संरक्षित खेती योजना के तहत पॉलीहाउस का निर्माण कराया। इसके बाद खेती का तरीका बदला और आय के नए रास्ते खुले। आज मैं गांव में सबसे आगे हूं।

## हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं महिलाएं

**देश की राजनीति व प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा मिलेगी**

# निर्णय लेने वाली संस्थाओं में भागीदारी करने से महिलाओं को मिलेगी मजबूती

▶▶ संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम



लंबे समय से महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं, लेकिन निर्णय लेने वाली संस्थाओं में उनकी भागीदारी एक मजबूत पहल है। मुझे लगता है महिला सशक्तिकरण की दिशा में नारी शक्ति बिल समाज में महिलाओं की भूमिका को नई पहचान देने का अवसर भी है। जब स्थानीय निकायों से लेकर संसद तक महिलाओं की संख्या बढ़ेगी, तो नीतियों में संवेदनशीलता और व्यावहारिकता दोनों का समावेश होगा। महिलाओं की सोच में सामाजिक सरोकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता मिलती है, जिससे विकास अधिक संतुलित और जनहितकारी बनता है। भोपाल नगर निगम में महिला महिला कर्मचारियों और अधिकारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियां भी दी जा रही हैं। इससे उनमें नया विश्वास जन्म ले रहा है। वे अब पहले से अधिक आत्मविश्वासी हो गई हैं। इसके अलावा पूरे शहर की स्वच्छता, जल प्रबंधन और शहरी विकास जैसी योजनाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी है। इसलिए हमें परिवार और समाज दोनों स्तरों पर महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देना होगा और यह नारी वंदन अधिनियम इसमें पूरा सहयोग देगा। तब हमारी नारी का स्थान समाज में अलग ही होगा और उसका जो आत्मविश्वास होगा उसके बलबूते वह अपने परिवार को नई ऊंचाइयां दे सकेगी।

### परिवार भी होता है सशक्त

लोकसभा में नारी शक्ति बिल आने वाले समय में देश की राजनीति और प्रशासनिक ढांचे को नई दिशा मिलेगी। इससे न केवल महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा, बल्कि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचेगा और एक समावेशी, सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। जब एक महिला सशक्त होती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका परिवार, समाज और पूरा देश प्रगति की दिशा में आगे बढ़ता है। देश में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, खेल, व्यापार और कला-हर जगह महिलाओं ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

# सरकारी स्कूलों का जलवा, निजी स्कूल फिसड्डी निकले

## बोर्ड मेरिट सूची में 8 विद्यार्थियों ने बनाया स्थान





**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल (10वीं) और हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई कि इस बार भी छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बाजी मारी। वहीं सरकारी स्कूलों ने सीमित संसाधानों के बाद अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। शहर के नामचीन निजी स्कूल फिसड्डी साबित हुए। इस वर्ष जिले के आठ छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाकर शहर का नाम रोशन किया है। इनमें से 10वीं बारहवीं के अधिकांश सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी हैं। हायर सेकेंडरी परीक्षा में कला संकाय से पंडित लज्जा शंकर झा (मॉडल हाई स्कूल) की अल्फिया अंजुम ने प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया।

वाणिज्य संकाय में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल स्कूल की छात्रा कुमारी अनम अंसारी एवं शिशु विद्यापीठ जीसीएफ स्टेट की हिमांशी नागदेव ने प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान समूह में भी इसी विद्यालय की कुमारी कृति पांडे ने 8वां और छात्र ओम चौकसे ने 10वां स्थान हासिल किया।

### 10वीं परीक्षा में भी जिले का परचम

हाई स्कूल परीक्षा में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल की छात्रा कुमारी श्रेया जैन एवं सांदीपनी विद्यालय सिहोरा की रश्मि गडरी ने संयुक्त रूप से प्रदेश में 4था स्थान प्राप्त किया। शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी शुभी सैनी ने छटवां स्थान हासिल किया। वहीं ब्रहम ऋषि नर्मदा विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र अभिषेक मिश्रा ने 7वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

### जिले में सरकारी स्कूल आगे

जबलपुर जिले में 10वीं के परिणाम में सरकारी स्कूलों ने 80.59 प्रतिशत परिणाम के साथ निजी स्कूलों (68.20 प्रतिशत) को पीछे छोड़ दिया। यह जिले के लिए नया कीर्तिमान माना जा रहा है। सभी सफल विद्यार्थियों को जिला प्रशासन और स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है।

### 43 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जिले में 10वीं और 12वीं के कुल 43 हजार 72 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था। दोनों परीक्षाओं के लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 47 शहरी और 53 ग्रामीण क्षेत्रों में थे। 96 केंद्र नियमित विद्यार्थियों और 4 केंद्र निजी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित थे।

# अंबेडकर जयंती पर किया भव्य श्रमदान जनसहभागिता से गूंजा स्वच्छता का संकल्प

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सफाई मित्रों का किया विशेष सम्मान



**जबलपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा जोन क्रमांक 2, स्वामी विवेकानंद वार्ड में शिव मंदिर से राम मंदिर तक भव्य श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान अजाक्स संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। श्रमदान के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को आयुक्त एवं नागरिकों द्वारा सम्मान-पत्र एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य "संस्कारधानी जबलपुर" को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 बनाना है। सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छता के प्रति संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित मेहरा, तेलुगु समाज के प्रतिनिधि राजा भैया, सैमसंग भैया, आत्मा राम दीक्षित (सेवा भारती महाकौशल संगठन मंत्री), डॉ. संजय खन्ना (सेवा भारती महाकौशल अध्यक्ष), डॉ. सुधांशु गुप्ता निशांत दुबे, कोयरी नायडू, अक्षय कोरी, रामाराव मगरदे सहित अन्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।



# पमरे में बाबा साहेब आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई गई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य समारोह महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान बौद्ध वंदना प्रस्तुत की गई तथा मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार दीक्षित ने डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में रेलवे के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।

# डॉ. आम्बेडकर जयंती पर "यश गौरव सम्मान" कार्यक्रम सम्पन्न

## समाजसेवियों का हुआ सम्मान



जबलपुर। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर यश ग्रुप ऑफ स्कूल्स, आधारताल एवं गोहलपुर, जबलपुर द्वारा आयोजित "यश गौरव सम्मान" कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन संकल्प शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्षेत्र के पार्षदगण, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ जबलपुर के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी चमन पासी सहित पार्षद महेश राजपूत (सुभाष चंद्र बोस वार्ड), शरद श्रीवास्तव (दीवान अधार सिंह वार्ड), रीना ऋषि यादव (निर्मल चंद जैन वार्ड), अंजना मनीष अग्रहरि महर्षि महेश योगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं शहीद अब्दुल हामिद वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन समर्पित व्यक्तियों को सम्मानित करना था, जिन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की विशेष सराहना की गई। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं प्रेरणा का संचार करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सम्पूर्ण स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में

# निःशुल्क चलित चिकित्सा सेवा का शुभारंभ, सेवा अब आपके द्वार

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास द्वारा, गेल (इंडिया) लिमिटेड के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने हेतु दो चलित चिकित्सा वाहनों (**Mobile Medical Units**) का शुभारंभ किया जा रहा है। इस शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन 16 अप्रैल 2026, गुरुवार, समय अपरान्ह 03 बजे पर केशव कुटी के बाजू में, सुभद्रा नगर, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदास महाराज, डॉ. प्रदीप दुबे मा. संघचालक, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष, सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास तथा शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, चिकित्सक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। सुदर्शन स्मृति सेवा न्यास के सचिव सीए अखिलेश जैन और न्यासियों ने सभी नागरिकों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता एवं उपस्थित होकर सेवा कार्य को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है।



# 'सोलर सूर्य रथ' को दिखाई हरी झंडी

## सूर्य घर योजना के प्रचार हेतु शहर भर में जागरूकता अभियान शुरू

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से, एनएसईएफआई द्वारा 15 अप्रैल 2026 को **City Accelerator Program** (**CAP**) के अंतर्गत "सोलर सूर्य रथ" के फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम का आयोजन शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम में जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर नगर निगम जबलपुर द्वारा सोलर सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर महापौर के निज सहायक केशव पाण्डेय, एनएसईएफआई के प्रतिनिधि शशि एवं श्री प्रसून, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से नोडल अधिकारी सुनंदा यादव, सहायक अभियंता प्रशांत चौबे, कनिष्ठ अभियंता शिल्पी नावेल तथा इदम कंपनी के प्रतिनिधि अभिषेक दलाल एवं श्री निखिल उपस्थित रहे। सोलर सूर्य रथ 15 अप्रैल 2026 से 21 अप्रैल 2026 तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे आधारताल, नेपियर टाउन, रांझी, बिलहरी, विजयनगर एवं तिलवारा आदि में भ्रमण करेगा। इस दौरान आम नागरिकों को प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी तथा योजना का अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा।





# जनभागीदारी से जबलपुर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का अभियान तेज

**जबलपुर।** जबलपुर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत शहर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने के प्रयास अब जन-आंदोलन का रूप लेते जा रहे हैं। इसी क्रम में महर्षि अरविंद वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और पार्षद अनीता जाट के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में जनभागीदारी देखने को मिली। पार्षद ने स्वयं झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने हिस्सा लेकर गलियों और नालियों की सफाई की। इसके बाद रहवासियों को गीला-सूखा कचरा अलग करने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए जागरूक किया गया। निगमायुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। वहीं पार्षद ने वार्ड को 'जीरो वेस्ट' बनाने का संकल्प दोहराया। अभियान के अंत में सभी नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही नगर निगम की टीम द्वारा कीटनाशक छिड़काव और डस्टबिन के सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया।

# जीआरपी ने पकड़ा शातिर मोबाइल चोर, जिसके कब्जे से कीमती मोबाईल जप्त किये



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आरोपी इमरान अली पिता हासिम अली उम्र 28 साल निवासी बेनी सिंह की तलैया चारखंभा गुलाब सिंह के सामने थाना गोहलपुर जिला जबलपुर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से एप्पल कंपनी मोबाइल 26000 का जप्त किया गया है। आरोपी चोरी करने का आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना गोहलपुर में चोरी, अवेध शस्त्र, लड़ाई झगड़ा मारपीट के चार मामले में पंजीबद्ध हैं। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर से SHO संजीवनी राजपूत, सउनि बीसी उद्दे, रविकांत रजक, परसुराम यादव, गोपाल सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद ईनाम से पुरष्कृत करने की घोषणा की गई है।

# शिव कुमार तिवारी को कंप्यूटर साइंस एन्ड इंजीनियरिंग में मिली पीएचडी



**जबलपुर।** नगर के होनहार शोधार्थी शिव कुमार तिवारी को एमिटी यूनिवर्सिटी ग्वालियर ने उनके शोध प्रबंध 'हाइब्रिड क्लाउड के लिए उन्नत सुरक्षा गुहा एल्गोरिद्म' विषय पर कंप्यूटर साइंस एन्ड इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी उपाधि प्रदान की है। शोध का मार्गदर्शन डॉ. मनीष गुप्ता व सह मार्गदर्शन डॉ. सुभ्रेन्दु गुहा नियोगी द्वारा किया गया। शिव कुमार तिवारी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सेवानिवृत्त कार्मिक रामानुग्रह तिवारी व इंद्रावती तिवारी के पुत्र हैं।

# जीसीएफ गुरुद्वारा में हर्षोल्लास से मनाया गया बैसाखी पर्व



**जबलपुर।** श्री गुरु सिंघ सभा जीसीएफ स्टेट के तत्वावधान में 14 अप्रेल को खालसा पंथ का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में देश के महान रागी जत्थे भाई गगनदीप सिंह (हजूरी रागी जत्था, अमृतसर दरबार साहिब), टाडी भाई लवप्रीत सिंह (अकाल तख्त, अमृतसर), कथा वाचक ज्ञानी सुखविंदर सिंह (लुधियाना वाले) ने शिरकत की।

बताया गया जीसीएफ गुरुद्वारा संस्कारधानी का सबसे पुराना गुरुद्वारा है, इसकी स्थापना आजादी के पहले सन 1940 में हुई तथा इस गुरुद्वारा में सर्वप्रथम सन 1941 में पहली बार बैसाखी का पर्व मनाया गया। यह गुरुद्वारा आपसी भाईचारे का भी एक बहुत अच्छा प्रतीक है, क्योंकि यहां पर गुरुद्वारा एवं राम मंदिर एक साथ बने हुए हैं और दोनों धर्मों के लोग एकदूसरे के त्यौहारों में काफी सहयोग प्रदान करते हैं।

बैसाखी का महत्व- 13 अप्रेल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरुगोविंद सिंह ने आनंदपुर साहिब (पंजाब) में खालसा पंथ की स्थापना की थी, वैसे तो यह त्यौहार पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है, परंतु पंजाब, हरियाणा में इस त्यौहार की धूम कुछ और ही रहती है। इस महापर्व को सफल बनाने के लिए प्रबंधक कमेटी के स. एमएस नागी, अध्यक्ष स. परमदीप सिंह मैनी, सचिव स. खुशमीत सिंह, स. गुरुदीप सिंह मैनी, स. प्रितपाल भमरा, स. अवतार सिंह, स. मलकित सिंह, स. रणधीर सिंह, स. तेजा सिंह, हरनेक सिंह एवं गुरुविंदर सिंह का योगदान रहा। अंत में सर्वत्र के भले की अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी धर्मों के लोगों ने एक ही पंगत में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव परमदीप सिंह मैनी एवं एमएस नागी द्वारा किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, BEENA MM is legally Mother of ARMY NO-15743665H Rank HAV, Name-MADHUSOODANAN M presently residing at Vill-PADUVILAYI, POST-VENGAD Teh-THALASSERY, Distt.-KANNUR, State- KERALA, PIN-670612. शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम BEENA M दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम BEENA M M दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न 38AA 580931 दिनांक 15-04-26 नोटरी जबलपुर मप्र ।

गलत नाम-BEENA M
सही नाम-BEENA M M

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/05
दिनांक:- 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अभिलाषा सराफ पति श्री अमित सराफ ने मकान नं. 501 वार्ड सुभद्रा कुमारी भूतल 800 व.फु., प्रथम तल 800 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**

मैं रोहित पठाणिया (ROHIT PATHANIA) उम्र लगभग 35 वर्ष पिता श्री सुरिंदर पठाणिया पता- A/502, गगन सुप्रीम, गगन ड्रीम काम्प्लेक्स, नालासोपारा वसई लिंक रोड, फायर स्टेशन के पास, वसई पालघार, महाराष्ट्र हाल मुकाम जबलपुर शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरी जन्म तिथि 12/01/1991 प्रमाणित है। मेरा आधार क्रमांक- 5015 5741 8761 है। मेरे पासपोर्ट क्रमांक G9733850 में मेरा नाम रोहित सुरिंदर सिंह पठाणिया (ROHIT SURINDER SINGH PATHANIA) दर्ज है जबकि मेरे सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे की मेरा आधार कार्ड पैन कार्ड इत्यादि में मेरा नाम रोहित पठाणिया (ROHIT PATHANIA) दर्ज है । भविष्य में सभी दस्तावेजों में मैं अपना नाम रोहित पठाणिया दर्ज करवाना चाहता हूँ एवं मेरा यही नाम पढ़ा व लिखा जावे।

In The Court Of XXXIII Civil Judge Class-1, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:अंकिता त्रिपाठी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC0000052/2026)
अपर्णा पाण्डेय............आवेदक
Vs
उमा शंकर पाण्डेय......अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक: 14/05/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अपर्णा पाण्डेय पता-राजुल सिटी संजीवनी नगर जबलपुर (म.प्र.), वर्तमान पता -राजुल सिटी संजीवनी नगर गढ़ा जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक आदर्श पाण्डे निवासी-म.नं.-539 गढा वार्ड पुरवा जबलपुर म.प्र. 482003 की हॉलिबार्टन डेव्हलपमेंट सेंटर इण्डिया लिमिटेड कम्पनी देवर विसन हल्ली बेंगलुरू कर्नाटक, एच.डी.एफ.सी. बैंक कोरमंगला बैगलोर कर्नाटक, एस.बी.आई लाईफ आर.ए.सी.पी. मेंनब्रांच सिविललाईन जबलपुर से बीमा राशि पी.पी.एफ., ई.पी.एफ. एवं सैलरी खाते एच.डी.एफ.सी. में जमाराशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 May 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 May 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 11 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

अंकिता त्रिपाठी (न्यायाधीश)
तैंतीसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
(सील) जबलपुर म.प्र.

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/04
दिनांक:- 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री सरदार गुरूचरन सिंह पिता स्व. श्री सरदार गोपाल सिंह (2)श्रीमती उपदेश कौर पति श्री सरदार गुरूचरन सिंह ने मकान नं. 1708 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 175 व.फु., प्रथम तल 175 व.फु., द्वितीय तल 175 व.फु., विक्रयपत्र / खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/03
दिनांक:- 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्रीमती कुमुद जैन पति स्व. श्री अशोक कुमार जैन (2)श्रीमती टीना जैन पति श्री अविनाश कुमार जैन ने मकान नं. 789 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 3118.2 व.फु., भूतल 1350 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/02
दिनांक:- 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विमल कुमार जैन पिता स्व. श्री नरेंद्र चन्द्र जैन ने मकान नं. 1268एफ-103 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 900 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/01
दिनांक:- 15/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विमल कुमार जैन पिता स्व. श्री नरेंद्र चन्द्र जैन ने मकान नं. 379 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2399 व.फु., भूतल 1740 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर